वर्ष 24, अंक 109, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 29 अक्टूबर 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मजदूरों से भरी बस में भीषण आग

## 12 लोग झुलसे, दो की मौत, अंदर रखे सिलेंडर में भी ब्लास्ट









**जयपुर: राजस्थान** के जयपुर में एक बार फिर बड़ा बस हादसा सामने आया है. मजदूरों को लेकर जा रही एक प्राइवेट बस में अचानक आग लग गई. यह हादसा हाई टेंशन तार छूने के बाद हुआ. इस खौफनाक हादसे में करीब 12 मजदूर बुरी तरह से झुलस गए हैं, जबकि दो लोगों की मौत हो गई है. हादसा जयपुर शहर से 65 किलोमीटर दूर मनोहरपुर इलाके में हुआ. बस में 5 से 6 गैस सिलेंडर भी रखे हुए थे. आग लगने के बाद इन गैस सिलेंडरों में ब्लास्ट हुआ है. बस पूरी तरह से जल कर राख हो गई है.

**मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका**

घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भेजा जा रहा है. मृतकों और झुलसे हुए लोगों की संख्या बढ़ने की आशंका है.

जयपुर के मनोहरपुर में हुई बस दुर्घटना में जनहानि का समाचार अत्यंत दुखद है। संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देशित किया गया है।

प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

**सीएम भजनलाल शर्मा ने दिया हर संभव मदद का आदेश**

जयपुर बस हादसे पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शोक जताया है. एक्स पोस्ट के जरिए सीएम भजनलाल शर्मा ने लिखा, "जयपुर के मनोहरपुर में हुई बस दुर्घटना में जनहानि का समाचार अत्यंत दुखद है. संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देशित किया गया है. प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें."

न्यूज एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, यह बस शाहपुरा के टोडी स्थित ईंट भट्टे पर मजदूरों को लेकर आ रही थी. हाईटेंशन लाइन को छूने पर पूरी बस में करंट दौड़ने लगा, जिसके बाद उसमें आग लग गई.

**'आए दिन हो रहे ऐसे हादसे'- अशोक गहलोत**

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, जयपुर के मनोहरपुर में श्रमिकों से भरी बस के हाईटेंशन लाइन छूने से आग लगने से 2 व्यक्तियों की मृत्यु और कई अन्य के घायल होने का समाचार दुखद है. राजस्थान में जिस प्रकार से आए दिन हादसे होने से आम जन अपनी जान गंवा रहे हैं, यह चिंताजनक है. शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं. घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं.

**हनुमान बेनीवाल ने भी जताया दुख**

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (फ्छढ) के चीफ हनुमान बेनीवाल ने बस दुर्घटना पर दुख जताया. उन्होंने कहा, जयपुर के मनोहरपुर क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से एक स्लीपर बस में आग लगने से हुआ हादसा अत्यंत दुखद है. इस हादसे में दो मजदूरों की मृत्यु हो जाने व कई लोगों के गंभीर रूप से झुलस जाने के समाचार प्राप्त हुए हैं. ईश्वर दिवंगतजनों की आत्मा को शांति प्रदान करें व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## पीएम मोदी ने छठ के समापन पर दी शुभकामनाएं

### दिखी भारत की गौरवशाली परंपरा

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को चार दिवसीय छठ पर्व के समापन पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इससे देश की भव्य परंपरा की दिव्य झलक देखने को मिली। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यभगवान सूर्यदेव को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ आज महापर्व छठ का शुभ समापन हुआ। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के दौरान छठ पूजा की हमारी भव्य परंपरा के दिव्य दर्शन हुए।ह्नह्न उन्होंने कहा, ह्यह्यसमस्त व्रतियों और श्रद्धालुओं सहित पावन पर्व का हिस्सा बने अपने सभी परिवारजनों का हृदय से अभिनंदन। छठी मइया की असीम कृपा से आप सभी का जीवन सदैव आलोकित रहे। उत्सव शुरू होने से एक दिन पहले, प्रधानमंत्री ने नागरिकों से छठ पूजा के गीतों को साझा करने का आग्रह किया और त्योहार के दौरान उन्हें और भी ज्यादा प्रचारित करने का संकल्प लिया। उन्होंने तीसरे दिन भी ऐसा ही किया, एक गीत साझा किया और अनुष्ठान करने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दीं। "देश भर में मेरे सभी परिवारजनों को छठ पूजा की संध्या अर्घ्य की हार्दिक शुभकामनाएँ। इस पावन अवसर पर, डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की हमारी परंपरा अत्यंत अनूठी है। भगवान सूर्य की कृपा से सभी का कल्याण हो, सभी को जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता मिले। यही कामना है। जय छठी मैया।"

सामुदायिक भागीदारी और ऑनलाइन भक्तिपूर्ण आदान-प्रदान के साथ, इस वर्ष का छठ पर्व एक उज्ज्वल और समावेशी स्वर में संपन्न हुआ, जो इसकी स्थायी सांस्कृतिक प्रतिध्वनि को दर्शाता है। भगवान सूर्यदेव को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ आज महापर्व छठ का शुभ समापन हुआ। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के दौरान छठ पूजा की हमारी भव्य परंपरा के दिव्य दर्शन हुए। समस्त व्रतियों और श्रद्धालुओं सहित पावन पर्व का हिस्सा बने अपने सभी परिवारजनों का हृदय से अभिनंदन! छठी मइया की असीम कृपा से।



## मोंथा के भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील

### आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सहित दक्षिणी ओडिशा के आठ जिलों में बारिश अलर्ट



**मोंथा**

**चक्रवात** मोन्था सोमवार को बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया। आंध्र प्रदेश और ओडिशा हाई अलर्ट पर हैं, लोगों को निकालने में तेजी ला रहे हैं और आज रात काकीनाडा के पास संभावित भूस्खलन की तैयारी कर रहे हैं। 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार वाली हवाओं के साथ आ रहे इस तूफान ने तटीय क्षेत्र में पहले ही भारी बारिश और तेज हवाएँ चला दी हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) के अनुसार, चक्रवात मोन्था सोमवार सुबह मछलीपट्टनम से लगभग 190 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और विशाखापत्तनम से 340 किलोमीटर दक्षिण में केंद्रित था। इस तूफान के आज शाम या रात तक मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच तट को पार करने की उम्मीद है।

मोंथा के भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात ह्यमोंथाह्न के मंगलवार सुबह भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाने से दक्षिणी ओडिशा के आठ जिलों में बारिश हुई। आसन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए ओडिशा सरकार ने आठ जिलों मलकानगिरी, कोरापुट, रायगढ़ा, गजपति, गंजाम, नबरंगपुर, कालाहांडी और कंधमाल में निचले इलाकों से और भूस्खलन की आशंका वाले पहाड़ी इलाकों से लोगों को निकाला है और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), ओडिशा आपदा मोचन बल (ओडीआरएएफ) तथा अग्निशमन सेवा के 140 बचाव दल (5,000 से अधिक कर्मी) तैनात किए हैं।

दक्षिणी ओडिशा के आठ जिलों में बारिश

प्रशासन ने पहले ही नौ जिलों में स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों को 30 अक्टूबर तक बंद करने की घोषणा कर दी है, जबकि पूर्वी तटीय रेलवे ने वाल्टेयर क्षेत्र और उससे जुड़े मार्गों पर चलने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द करने, उनके मार्ग बदलने तथा कुछ समय के लिए उन्हें बीच में ही रोकने की घोषणा की है। सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां भी 30 अक्टूबर तक रद्द कर दी गई हैं। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) डी. के. सिंह ने बताया कि प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों को समुद्र तटों पर जाने से रोकने के लिए सभी समुद्री तटों को सील कर दिया है।

आठ जिलों में खोले गए 1,400 से अधिक चक्रवात आश्रय स्थलों में रखा गया

अधिकारियों ने बताया कि संवेदनशील स्थानों से निकाले गए लोगों को आठ जिलों में खोले गए 1,400 से अधिक चक्रवात आश्रय स्थलों में रखा गया है, जहां भोजन और अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।

उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को निकटवर्ती अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। राज्य सरकार ने मछुआरों को 29 अक्टूबर तक ओडिशा तट के पास बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी है।

## महिलाओं को 2500 रुपये महीना, भूमिहीन परिवारों को जमीन

### बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन की प्रमुख गारंटियों का कांग्रेस ने किया खुलासा



**बिहार**

**छठ** पर्व के समापन के साथ ही बिहार पूरी तरह चुनावी रंग में आ गया है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता राज्य भर में रैलियाँ और जनसभाएँ शुरू करने की तैयारी में हैं। महागठबंधन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) दोनों ही चुनाव से पहले मतदाताओं को जोड़ने के लिए जी-जान से जुटे हैं।

कांग्रेस नेता द्वारा साझा की गई महागठबंधन की वादों की सूची

पटना में घोषणापत्र जारी करने से पहले, कांग्रेस नेता कृष्णा अल्लावरु ने बिहार के लिए महागठबंधन की प्रमुख प्रतिबद्धताओं की जानकारी दीः

महिलाओं के लिए 2,500 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता

25 लाख रुपये तक का मुफ्त चिकित्सा उपचार कवरेज

भूमिहीन परिवारों के लिए 3 से 5 डिसमिल भूमि आवंटन

महागठबंधन आज अपना घोषणापत्र जारी करेगा

पटना में महागठबंधन आज अपना चुनावी घोषणापत्र जारी करेगा, जिसमें रोजगार, महंगाई, शिक्षा और किसान कल्याण जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद बताई हैरान करने वाली वजह

## मुस्तफाबाद का नाम क्यों बदला ?



**मुस्तफाबाद**

**लखीमपुर** खीरी जिले के मुस्तफाबाद गांव का नाम बदलकर ह्यकबीर धामह्न किए जाने के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने सोमवार को स्वागत करते हुए आशा जताई कि इससे गांव में नए विकास कार्यों को गति मिलेगी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह घोषणा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की. यह गांव टेंडुआ ग्राम पंचायत के अंतर्गत गोला तहसील में स्थित है और लखीमपुर-अलीगंज मार्ग पर खीरी जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर है.

वर्षों पहले यहां स्थापित विश्व कल्याण आश्रम के कारण यह साधारण सा गांव सुर्खियों में आया था. यह आश्रम संत कबीर दास की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार का कार्य करता है.

गांव के 85 वर्षीय निवासी राम बिलास ने ग्राम का नाम बदलने के निर्णय को सही बताते हुए कहा, 'आश्रम के कारण ही यहां महत्वपूर्ण लोग आने लगे, और अब हमें उम्मीद है कि गांव का नाम बदलने से विकास भी होगा.'

बीजेपी नेता के मुस्लिम लड़कियों वाले विवादित बयान पर हंगामा, सपा विधायक ने की कार्रवाई की मांग

एक अन्य ग्रामीण विनोद कुमार ने भी यही बात दोहराते हुए कहा, 'कबीर धामह्न नाम से गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी.' मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान मौजूद ग्रामीण रामपाल और राम किशोर ने कहा कि आश्रम की निकटता के बावजूद गांव अब तक विकास से उपेक्षित रहा है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसका नाम बदलकर इसे फिर से केंद्र में ला दिया है.

वहां कोई मुस्लिम आबादी नहीं...

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ने भी इस घोषणा का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि आश्रम ने मुस्तफाबाद गांव को पहचान दिलाई है और नाम परिवर्तन के साथ उसे उसका उचित सम्मान मिला है।

## 25 साल में उत्तराखंड बना ग्लोबल टूरिज्म हब, 23 करोड़ से ज्यादा पर्यटक राज्य में पहुंचे



**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** अब केवल तीर्थाटन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रोमांच, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता के चलते यह वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है. राज्य गठन के 25 वर्षों में यहां पर्यटन उद्योग ने अभूतपूर्व विकास किया है. बीते तीन वर्षों में ही उत्तराखंड में 23 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे हैं, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है. राज्य स्थापना के समय पर्यटन मसूरी, नैनीताल और चारधाम यात्रा तक सीमित था. सीमित सड़क और बुनियादी ढांचे के कारण चारधाम यात्रा कठिन मानी जाती थी. लेकिन अब ऑल वेदर रोड, हेली सेवा और आधुनिक सुविधाओं के कारण यात्रा सुगम हो गई है. इससे न सिर्फ धार्मिक पर्यटक बढ़े हैं बल्कि होम स्टे, होटल, महिला स्वयं सहायता समूहों और परिवहन कारोबारियों को भी सीधा लाभ मिला है.

पीएम मोदी का है ड्रीम प्रोजेक्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण से तीर्थाटन को नई दिशा मिली है. वर्ष 2013 की आपदा के बाद केदारपुरी का कायाकल्प हुआ है. पहले चरण में 225 करोड़ रुपये के कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि दूसरे चरण के कार्य तेजी से चल रहे हैं।

## BJP नेता के मुस्लिम लड़कियों वाले बयान पर भड़कीं मायावती, BSP सुप्रीमो ने सुनाई खरी-खोटी



**यूपी**

**बीजेपी** नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह के दस मुस्लिम लड़कियां लाने के विवादित बयान पर सियासत तेज हो गई हैं. बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और इसे घृणित और संकीर्ण बयान बताया. उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए.

बसपा सुप्रीमो ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- ह्नमुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ, के ताजा संकीर्ण व घृणित बयान के साथ-साथ यूपी व उत्तराखण्ड सहित अन्य और राज्यों में भी धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और ना जाने क्या-क्या नफरती नाम देकर तथा उसके विरुद्ध कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, वैमनस्य, अशान्ति, अराजकता एवं लोगों के जान-माल व मजहब पर खतरा बन जाने का शरारती तत्वों का यह विषैला हिंसात्मक खेल अति-निन्दनीय.

ऐसे आपराधिक, अराजक व असामाजिक तत्व सभ्य व संवैधानिक सरकार के लिये खुली चुनौती और खतरा हैं।

## दिल्ली में केवल BS6 डीजल गाड़ियों को मिलेगी एंट्री!

### 1 नवंबर से बाकी सभी कमर्शियल वाहनों पर बैन

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में वायु प्रदूषण नियंत्रण के तहत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. अगले तीन दिन बाद यानी 1 नवंबर 2025 से दिल्ली के बॉर्डर से केवल इर6 कमर्शियल गाड़ियों को ही एंट्री दी जाएगी. इर4 और इर5 समेत बाकी सभी वाणिज्यिक वाहनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा.

सूत्रों की मानें तो दिल्ली सरकार ने ऐलान कर दिया है कि यह नियम एक नवंबर से पूरी तरह और सख्ती से लागू किया जाएगा. नियम का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी होगी.

रेखा गुप्ता सरकार ने फैसला लिया है कि दिल्ली से बाहर रजिस्टर हुए सभी मालवाहक वाहन, जो इर-श्क उत्सर्जन मानक पर खरे नहीं उतरते, उन्हें एक नवंबर से दिल्ली में आने की परमिशन नहीं मिलेगी. यह आदेश वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) के निर्देशों के बाद जारी किया गया है.

क्या है नया नियम?

उअदट के आदेश के बाद दिल्ली सरकार ने गाड़ियों को लेकर जो नया नियम जारी किया है, उसमें एक नवंबर से केवल बीएस-6 मानक वाले कमर्शियल वाहन ही दिल्ली में एंट्री ले सकते हैं.

क्या है इर-श्कइंजन टेक्नोलॉजी?

दिल्ली में जब प्रदूषण का स्तर सबसे ज्यादा होता है, तब गाड़ियों से निकलने वाले धुएं को कम करने के लिए यह कदम उठाया जाता है. स्टडी कहती है कि बीएस-6 तकनीक वाले इंजन पहले वाले इंजनों की तुलना में कम धुआं छोड़ते हैं. यह टेक्नोलॉजी पहले की तकनीकों के मुकाबले कई गुना स्वच्छ है. इससे निकलने वाले हानिकारक कण और गैसें भी काफी कम होती हैं.




इर-श्क वाहनों से निकलने वाले पार्टिकुलेट मैटर (PM) और नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) जैसी हानिकारक गैसों को कम किया जा सकता है. यह दिल्ली की हवा को कुछ बेहतर करने की एक बड़ा कदम है.

क्यों जरूरी है केवल इर-6 वाहनों की एंट्री का नियम?

दरअसल, हर साल अक्टूबर के महीने में दिल्ली की हवा में प्रदूषण बढ़ता है जो जनवरी-फरवरी तक हानिकारक स्तर पर ही रहता है. इस वजह से पराली जलाना, गाड़ियों से निकलने वाला धुआं और हवा का ठहर जाना... प्रदूषण बढ़ने का कारण बनते हैं.

दिल्ली में इन गाड़ियों को मिलेगा प्रवेश

दिल्ली सरकार के आदेश के तहत कुछ गाड़ियों को प्रतिबंध पर छूट दी गई है. इनमें-

- BS- IV डीजल गाड़ियां (31 अक्टूबर 2026 तक)
- BS- VI डीजल गाड़ियां।

# डिलीवरी के लिए ले जाते वक्त जाम में फंसी महिला की मौत, घर में कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** झूंसी में लगे भीषण जाम ने एक गर्भवती महिला की जान ले ली। बनी निवासी सीमा (32) को डिलीवरी के लिए निजी कार से शहर के अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन झूंसी में जाम के कारण वे समय पर अस्पताल नहीं पहुँच पाए, जिससे उनकी मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मचा हुआ है।

मृतका के ससुर लाल जी गौतम ने बताया कि सीमा की अचानक तबीयत खराब होने पर पहले उन्हें बनी सीएचसी ले जाया गया वहाँ डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए और पेट में बच्चों की मौत होने की जानकारी देते हुए बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन तुरंत निजी कार से महिला को लेकर शहर के अस्पताल के लिए निकले लेकिन झूंसी में लगे भीषण जाम में बुरी तरह



फँस गए। परिजनों के अनुसार, वे घंटों जाम में फंसे रहे और कड़ी मशक्कत के बाद जैसे-तैसे शास्त्री पुल तक पहुँचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृतका के ससुर लाल जी गौतम ने बताया कि जाम में फंसे रहने के दौरान उन्होंने वहाँ से गुजर रही एक एंबुलेंस को भी रुकवाकर मदद मांगी, लेकिन उस समय तक उनकी बहू की मौत हो चुकी थी। परिवार का आरोप है कि अगर समय रहते वह अस्पताल पहुँच जाते तो



सीमा की जान बच सकती थी। सीमा की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने पीछे दो छोटे बच्चों, प्रिंस और सिरत को छोड़ गई हैं। माँ की मौत के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# ओवरटेकिंग के बाद लगी वाहनों की कतार से 3 घंटे चोक रहा पुल, पानी को तरसे राहगीर

## शास्त्री पुल पर भीषण जाम

**झूंसी।** शास्त्री पुल पर लगे भीषण जाम ने मंगलवार को यातायात व्यवस्था की पोल खोल दी। ओवरटेकिंग के बाद हुए एक मामूली हादसे ने विकराल रूप ले लिया, जिसके चलते अस्पताल ले जाई जा रही एक महिला की मौत हो गई। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, करीब तीन घंटे तक पुल की दोनों लेन पूरी तरह से अवरुद्ध रहीं, और सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जरूरत के वक्त पुलिस मौके से नदारद थी।

मंगलवार की सुबह शास्त्री पुल पर ओवरटेकिंग के प्रयास में तीन गाड़ियाँ आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना के बाद शहर की ओर जाने वाली लेन पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सुबह ऑफिस का समय होने के कारण, जल्दबाजी में लोग शहर से आने वाली लेन में घुस गए जिससे कुछ ही देर में पुल की दोनों लेनें पूरी तरह से चोक हो गईं। स्थिति इतनी बदतर हो गई कि फोर व्हीलर तो क्या, बाइक और साइकिल तक का निकलना मुश्किल हो गया। जाम में फंसे लोगों का सबसे बड़ा गुस्सा पुलिस की निष्क्रियता को लेकर था। घंटों तक लोग फंसे रहे, लेकिन झूंसी पुलिस बूथ से लेकर दारागंज चुंगी





तक लगे इस भीषण जाम को हटाने के लिए कोई पुलिसकर्मी मौके पर घंटो तक नही नजर आया। अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने इस स्थिति के लिए सीधे तौर पर पुलिस की निष्क्रियता को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा अगर समय रहते पुलिस पहुँच जाती और यातायात संभाल लेती तो यह हालत उत्पन्न न होता राहगीर अंकुल सिंह ने तो प्रशासन को पूरी तरह से फेल बताते हुए कहा कि लोगों की जान खतरे में है, फिर भी प्रशासन को कोई चिंता नहीं है। शहर से झूंसी आ रहे राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह घण्टों जाम में फंसे रहे और इस दौरान उन्हें पानी के लिए तरसना पड़ा।

### स्कूल खुले होते तो हालात और बदतर होते

सुबह 9 बजे से लगा यह जाम दोपहर 12 बजे के बाद कहीं जाकर सुचारू हो सका। लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन साथ ही एक बड़ी चिंता भी जताई। लोगों का कहना था कि छठ की वजह से स्कूल की छुट्टी थी अगर स्कूल खुले होते तो बच्चों की वैन और बसों के कारण हालात और भी बदतर हो जाते।

# न्यूज झरोखा

## सादर शिवहिं नाइ अब माथा, बरनउं विषद राम गुनगाथाः स्वामी विनोदानंद




**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज में चल रहे 27 वें जमुना पार महोत्सव में आयोजित सात दिवसीय राम कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक स्वामी विनोदानन्द जी महाराज ने मानस के विविध प्रसंगों की राम कथा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। सादर शिवहिं नाई अब माथा, बरनउं विषद राम गुन गाथा, से कथा का आरंभ कर स्वामी जी ने,एक राम अवधेश कुमारा, के साथ-साथ भगवान के बाल स्वरूप,युवा स्वरूप और लोकाभिराम राम तक की मार्मिक कथा का वर्णन करते हुए सभी को आहलादित किया। इसके पूर्व पहले सत्र में मंच पर जमुनापार के युवा लोक कलाकारों ने पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुतियों से खूब समा बांधी। रेनू रोशनी, सत्यवान कुमार,कृष्ण कुमार सत्यार्थी,राम सुचित गोलू,दीपेश कुमार,बबलू दीवाना,मोनू मस्ताना,अजय यादव,राजेश यादव सभा भाई,दिलीप चौधरी,चंद्रभान प्रजापति, विभव शंकर,सनी विश्वकर्मा समेत कई लोक कलाकारों ने मल्लहिया,जनेऊ गीत,विवाह गीत,सोहर,धोबिया गीत सहित कई गीतों की प्रस्तुतियों पर खूब तालियां बटोरी। लोक कलाकारों को मिशन के संयोजक डॉ. भगवत पांडेय, वरिष्ठ लोक गायक श्यामलाल बेगाना,रामबाबू यादव ने मंच पर सम्मानित किया। कमला शंकर त्रिपाठी ने सभी के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया।संचालन डॉ. केके त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर योगेन्द्र शुक्ल, ज्ञानेश्वर शुक्ल,वेद श्रीवास्तव,सुरेश कुमार,विश्वेश ओझा,कंचन पांडेय,कन्हैया लाल,रमेश तिवारी,जितेंद्र जलज,राजू तिवारी,सुनील प्रजापति, उमाकांत दूबे,राजकुमार विश्वकर्मा,विमला देवी, जितेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रोता भक्तजन मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर भावविभोर हुए श्रद्धालु, झांकी ने मोह लिया मन



**प्रयागराज।** यमुनापार क्षेत्र के विकासखंड कौंधियारा अन्तर्गत राम का पूरा गांव में चल रही साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के छठवें दिन मंगलवार को कथा व्यास आचार्य दिनेश प्रसाद ओझा ने रुक्मिणी विवाह के प्रसंग की कथा सुना करके भक्त लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि रुक्मिणी श्री कृष्ण को अपनी भक्ति से पति के रूप में वरण करना चाहती थी। और श्री कृष्ण ने वैसा ही किया । जबकि रुक्मणी की सगाई शिशुपाल से होनी थी ।और रुक्मिणी की सगाई गोपाल से हो गई । इसके पूर्व उन्होंने गोपी उद्धव संवाद की कथा विस्तार पूर्वक की कही। कलाकारों की ओर से श्री कृष्ण व रुक्मिणी के विवाह की मनमोहक व सुन्दर झांकी भी निकाली गई । कथा के मुख्य श्रोता यजमान पूर्व प्रधानाचार्य अवधेश प्रसाद मिश्र व उर्मिला मिश्रा की ओर से भागवत भगवान की आरती की गई । कथा के आयोजक भाजपा कौंधियारा मंडल महामंत्री प्रवीण कुमार मिश्र व संयोजक पवन कुमार मिश्र तथा व्यवस्थापक पंकज कुमार मिश्र की ओर से सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर भाजपा यमुनापार जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ल ,मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रजापति ,बृजेश कुमार मिश्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय ,नीरज शुक्ल, मुकेश शुक्ल, प्रदीप द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा ज्ञान सिंह पटेल ,नागेश तिवारी, अवधेश तिवारी ,मंडल उपाध्यक्ष हरि शरण सिंह, रामबाबू केसरवानी, उमाशंकर मिश्र,रमाशंकर पांडेय, राम मनोहर लोहिया ,नरेश कुमार सोनकर , आनंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं लोग मौजूद रही।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला हुआ संपन्न



पशु शिविर में निःशुल्क दवा वितरित करते उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रेवती प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** मंगलवार को पशु विभाग की तरफ से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सोरांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत यूसुफपुर में लगाया गया। जिसमें ग्राम प्रधान इसरार अली द्वारा गौपूजन कर तथा फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया गया। पशु विभाग द्वारा शिविर का आयोजन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया।

जिसमें 930 पशु पंजीकृत किए गए तथा शिविर में आए हुए सभी पशुपालकों को पशुओं में होने वाले रोगों यथा मुंहपका, खुरपका, गला घोंटू आदि के बारे में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रेवती प्रसाद द्वारा जानकारी तथा बचाव के बारे में जानकारी दिए। तथा निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। शिविर में बधियाकरण, गर्भ परीक्षण, कृत्रिम गभार्धान, बांझपन आदि रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मौके पर पशुधन प्रसार अधिकारी राकेश सिंह व सुभाष चंद्र सहित पैरावेट दीपक कुमार, महेंद्र कुमार, कमलेश सरोज, शिवाकांत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# युवक ने युवती को घर से बुलाकर किया दुराचार, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** युवक ने यूवती को जरूरी काम की बात कहते हुए घर से थोडी दूर बुलाया। वहां उससे मारपीट और गाली गलौज की तथा खेत में ले जाकर दुराचार भी किया। यूवती की तहरीर पर पुलिस ने यूवक केखिलाफ मुकदमा दर्ज लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीय युवती का आरोप है कि क्षेत्र के मटियारी मानी उमरपुर निवासी अंशू पुत्र संतोष कुमार ने उसे घर से थीडी दूर पर जरूरी काम को कह कर बुलाया। ग्राम मटियारी नहर के पास ले जाकर गली गलूज मारपीट और जान से मारने की धमकी देते हुए जबरन शारीरिक संबंध बनाए। 24 अक्टूबर को हुई इस घटना की जांच के बाद पुलिस ने 28 अक्टूबर को आरोपी अंशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज लिया है। बताया गया है युवती का पूर्व में युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जहां परिजनों ने सख्ती कर दी थी ।उसके बाद उक्त घटना हुई ।पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

# दो बाइकों के टक्कर में दोनों बाइक सवार जख्मी, अस्पताल में भर्ती

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में दो बाइकों के आमने सामने टक्कर हो जाने से दोनों को गंभीर चोटें आयी है। दोनों को सीएचसी मऊआइमा में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरखपुर में दो बाइकों के बीच आमने-सामने टक्कर हो जाने से दोनों को गंभीर चोटे आयी है। दोनों को एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी मऊआइमा में भर्ती कराया गया है। एक घायल की शिनाख्त सत्येन्द्र कुमार पुत्र भोला ग्राम कटभरपरमेजपुर दूसरे की शिनाख्त सत्यम पुत्र धर्म राज ग्राम कल्याणपुर निवासी के रूप में हुई है।

# गिधौरा में रामलीला मंचन के दौरान हुआ नारद मोह प्रसंग, दर्शकों ने खूब सराहा



**प्रयागराज।** माँ जालपा सार्वजनिक रामलीला समिति गिधौरा के तत्वावधान में सोमवार की रात रामलीला मंचन के अंतर्गत ह्यनारद मोहह्व का भव्य आयोजन किया गया। मंचन के दौरान भगवान विष्णु द्वारा ऋषि नारद को मोहजाल में फँसाने की लीला को दशार्या गया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। रामलीला मंचन में कलाकारों ने भाव, संवाद और अभिनय से प्रसंग को जीवंत कर दिया। मंच पर नारद मुनि के रूप में कलाकार ने जिस सहजता से अभिनय किया, उसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं, मंच पर विष्णु और लक्ष्मी का रूप धारण किए कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से भर दिया। इस अवसर पर माँ जालपा सार्वजनिक रामलीला समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे और मंचन की सराहना की। क्षेत्र के सैकड़ों दर्शक आयोजन स्थल पर उपस्थित रहे और हर प्रसंग पर जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# आधे दर्जन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**झूंसी।** फिरोजपुर गांव में दो दिन पूर्व जमीन के विवाद में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने घायल की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ बलवा सहित मारपीट का केस दर्ज कर लिया । फिरोजपुर गांव निवासी राजकरन व रामजी के बीच काफी दिनों से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। रविवार को राजकरन भैंस को चारा भूंसा डाल रहा था। इसी दौरान रामजी के लोग लाठी-डंडा व लोहे की राड लेकर अंकित को मारने लगे। लोहे की राड से सिर पर हमला करने से उसका सिर फट गया। इससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। शोरगुल की आवाज सुनकर उसे बचाने के लिए पहुंचा तो हमलावरों ने उसे भी मारापीटा। आस-पास के लोग मदद के लिए पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने भुक्तभोगी की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# बुलेट सवार की टक्कर से पति की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

## बुलेट स्वामी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के निरौधा गांव के पास मंगलवार दोपहर हुए सड़क हादसे में करछना थाना क्षेत्र के हर्रई गांव निवासी झल्लर भारतीया (40) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी माधुरी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दंपति बाइक से खुझी गांव में रिश्तेदार के घर निमंत्रण में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही उनकी बाइक निरौधा गांव के पास पहुंची, तभी कौंधियारा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे बुलेट सवार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने उन्हें निजी वाहन से



सड़क हादसे के बाद मौके पर जमा ग्रामीण, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने झल्लर की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

डॉक्टरों के अनुसार, घायल पत्नी माधुरी देवी के दाएं पैर में गंभीर चोटें आई हैं और हड्डी टूट गई है। उनका इलाज स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक झल्लर मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके तीन बेटे मुकेश, राजेश और राकेश विवाहित हैं।

थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर बुलेट स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस वाहन और चालक की तलाश में जुटी है। मृतक के गांव हर्रई में शोक की लहर है। बेटे और बहुएं पिता की मौत की खबर सुनकर रो-रोकर बेहाल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से हादसे वाले मोड़ पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**थरवई।** मंगलवार को थाना थरवई मिशन शक्ति टीम द्वारा थरवई अंतर्गत ग्राम गोड़वा में जाकर महिलाओं व बेटियों को किया गया जागरूक। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के दृष्टिगत उन्हें जागरूक किया गया और उनकी सुरक्षा के दृष्टिगत दिए गए हेल्प लाइन नंबरों में वीमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, साइबर हेल्प लाइन 1930 आदि पर जानकारी दी गई। वही महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, कन्या सुमंगला योजना सहित कई योजनाओं के बारे में बड़े ही विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर थाना थरवई मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निधि पटेल, एस आई रिचा वर्मा, दिव्या यादव आदि टीम द्वारा सभी ने मिशन शक्ति जागरूक किया।

# कमजोर नहीं सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनें बेटियां : महिला उपनिरीक्षक ज्योति रावत

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** महिलाएं अपने हक एवं अधिकारों के लिए जागरूक रहें। सरकार महिलाओं को जहां सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है वहीं उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का काम कर रही है। इसलिए अपने आप को उपेक्षित व कमतर न समझे। यह बातें मंगलवार को फूलपुर थाने की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो की टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों में जाकर महिलाओं को जागरूक करते हुए कही। महिला उपनिरीक्षक ज्योति रावत के नेतृत्व में मिशन शक्ति की टीम ने महिलाओं के भरण पोषण में सहायक वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन के साथ ही पात्र गृहस्थी, आयुष्मान कार्ड, सुकन्या समृद्धि, सामूहिक विवाह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अलावा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। महिला अपराधों पर विस्तृत चर्चा करते हुए



फूलपुर में महिलाओं के साथ मिशन शक्ति की टीम

उप निरीक्षक ज्योति रावत ने कहा की छोटी घटनाओं को सहन करने से आगे चलकर वो बड़ी घटनाओं में तब्दील हो जाती है। इसलिए अपने प्रति होने वाले अपराध व अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं। सजग रहें, सतर्क रहें और निडरता पूर्वक उसका सामना करें पुलिस विभाग सदैव आपके साथ है। उन्होंने बेटियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने पर जोर देते हुए महिला हेल्प डेस्क, वूमेन पावर लाइन,डायल 112 ,साइबर हेल्प लाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। बताया की मिशन शक्ति फेज 5 के तहत फूलपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं विद्यालयों में विशेष अभियान चलाकर बच्चियों एवं महिलाओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। मौके पर उपनिरीक्षक काजल पटेल, उप निरीक्षक कुमकुम, लालसा मौर्या, हेड कांस्टेबल मृत्युंजय सिंह, श्रीश मिश्रा मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन (प्रयाग) द्वारा 63 गांवों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर बीडीओ जसरा से किसान पंचायत सफल

**जसरा।** विकास खंड जसरा में दो दिवसीय किसान पंचायत का आयोजन भारतीय किसान यूनियन (प्रयाग) द्वारा किया गया। पंचायत का मुख्य उद्देश्य 63 गांवों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर आवाज उठाई गई। जिला उपाध्यक्ष ऋषि पांडेय की अगुवाई में ब्लाक मुख्यालय के गेट पर सुबह से ही नारेबाजी होती रही। मंगलवार को खंड विकास अधिकारी जसरा सुनील सिंह के पहुंचने पर ग्रामीणों व यूनियन पदाधिकारियों से घंटों वार्ता की गई । बीडीओ जसरा ने आश्वासन दिया कि जिन गांवों में सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा या अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी है, वहाँ पर 9 दिसंबर तक कार्य पूर्ण करवा दिए जाएंगे। वहीं जिन कार्यों की शुरूआत बाकी है उन्हें कल से प्रारंभ करवा दिया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन (प्रयाग) के



पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि तय समय सीमा में कार्य पूरे नहीं हुए तो 10 दिसंबर को जसरा ब्लॉक का पुनः घेराव किया जाएगा। फिलहाल प्रदेश अध्यक्ष के.के. मिश्रा के आदेशानुसार आंदोलन को स्थगित किया गया है। धरना प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष ऋषि पांडेय, मीडिया प्रभारी पंकज मिश्रा, जिला महामंत्री अनिल बिंद युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र यादव,तहसील अध्यक्ष नायक यादव, युवा जिला अध्यक्ष विनय शुक्ला के साथ ही पार्वती, संतलाल, बेबी चौधरी, शीतल भारतीय, आशा भारतीया, गामा, लाख पटेल, राम भवन पटेल सहित सैकड़ों किसान, मजदूर और ग्रामीण जनता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# गुंडा अधिनियम में एक आरोपी गिरफ्तार, कोरांव पुलिस ने भेजा जेल, लिया था रिमांड

**कोरांव।** कोरांव पुलिस ने एक अपराधी आरोपी को गुंडा अधिनियम में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त जानकारी कोरांव थाना क्षेत्र के हल्का नंबर दो के पुलिस सब इंस्पेक्टर प्रेम शंकर ने जानकारी दी। ग्राम सभा अल्हवा निवासी पवन कुमार पाल पुत्र लाल बहादुर पाल को कई आपराधिक कृत्यों में संलिप्त होने लगभग नौ मुकदमे कोरांव खीरी थाना में दर्ज होने और आए दिन आपराधिक गतिविधियों में शिकायतें मिलने पर दर्ज गुंडा एक्ट में रिमांड ले कर जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों द्वारा चलाए गए अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही अभियान के तहत उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्यवाही की गई।

# श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे पूर्व अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी, दिया आस्था और एकता का संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** यमुनापार के कौंधियारा में जगह जगह चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को पूर्व अपर महाधिवक्ता उच्च न्यायालय उत्तर प्रदेश एवं निवर्तमान लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने पहुंचकर कथा श्रवण किया। उन्होंने कथा व्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया और धर्म, भक्ति तथा समाज में एकता के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया। पूर्व अपर महाधिवक्ता उच्च न्यायालय उत्तर प्रदेश एवं निवर्तमान लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी रविवार को अवधेश प्रसाद मिश्रा, सत्य प्रकाश तिवारी और शिव प्रकाश तिवारी के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे। उन्होंने कथा व्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया और भक्ति तथा धर्म की महत्ता पर



श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास से आशीर्वाद लेते पूर्व अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी

प्रकाश डाला। कथा स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों और श्रद्धालुओं ने नीरज त्रिपाठी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मात्र धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को नैतिकता, आस्था और एकता के सूत्र में पिरोने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति की जड़ों को मजबूत करते हैं और युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कथा स्थल पर भक्ति, संगीत और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रवचन के दौरान कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत के प्रसंगों के माध्यम से धर्म, प्रेम और करुणा का संदेश दिया। नीरज त्रिपाठी ने श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण किया और साधु-संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता मानव जीवन को संतुलन और शांति प्रदान करती है तथा ऐसे आयोजनों से समाज में सद्भाव का वातावरण निर्मित होता है। कथा में बड़ी संख्या में भक्तों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। उपस्थित जनसमूह ने कीर्तन और भक्ति गीतों का आनंद लेते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नीरज त्रिपाठी ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि प्रयागराज जैसी पवित्र भूमि पर ऐसे आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायी हैं।

कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता सुभाष तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। अंत में नीरज त्रिपाठी ने जनसमूह से भेंटवार्ता की और उन्हें धर्म, आस्था तथा सामाजिक एकता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा स्थल भक्ति, संस्कृति और सद्भाव का जीवंत प्रतीक बन गया।

# मण्डलायुक्त ने 62वीं पेंशन अदालत के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा की

## मण्डलायुक्त ने बिना किसी समुचित कारण के किसी भी पेंशनर्स के देयकों को लम्बित रखे जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की दी हिदायत

**मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को लम्बित प्रकरणों को शीघ्रता से निस्तारित किए जाने के दिए निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने मंगलवार को गांधी सभागार में दिनांक 10.12.2024 को आयोजित 62वीं पेंशन अदालत के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि लम्बित प्रकरणों को शीघ्रता से निस्तारित करते हुए निस्तारण के साक्ष्य सहित आख्या अपर निदेशक कोषागार को उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग के द्वारा बिना किसी समुचित कारण के किसी भी पेंशनर्स के देयकों को लम्बित रखा जाता है, तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा है कि पेंशनरों के जो भी देयक है, उनका समय से भुगतान सुनिश्चित हो जाये। समीक्षा बैठक में 62वीं पेंशन अदालत के कुल 28 लम्बित प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अगली पेंशन अदालत के आयोजन से पहले सभी



प्रकरणों को अनिवार्य रूप से निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में पेंशन ग्रेच्युटी, पेंशन के त्रुटिपूर्ण निर्धारण, पेंशन के पुनरीक्षण सहित अन्य देयकों से सम्बंधित लम्बित प्रकरणों के बारे में विभागवार समीक्षा की गयी।

बैठक में बसन्त कुमार तिवारी-वाहन चालक जिला कार्यक्रम कार्यालय-प्रतापगढ़ के जीपीएफ भुगतान दिलाये जाने के सम्बंध में अवगत कराया कि बसंत कुमार तिवारी के समस्त देयकों का भुगतान कर दिया गया है। मण्डलायुक्त ने भुगतान का सत्यापन कोषागार से कराकर भुगतान के साक्ष्य सहित अवगत कराये जाने का निर्देश दिए है। इसी तरह से प्रयागराज के राजेन्द्र सिंह-सहायक उद्यान निरीक्षक के देयकों के बारे में, राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल-ज्येष्ठ लेखा परीक्षक-विभाग शिक्षा निदेशायलय उत्तर प्रदेश के दक्षता रोध पार कराये जाने तथा अवशेष का भुगतान पेंशन पुनरीक्षित कराये जाने के सम्बंध में, सदाशिव चपरासी के उपादान की धनराशि का भुगतान कराये जाने के सम्बंध में-विभाग प्राचार्य कुलभास्कर डिग्री कालेज, श्रीमती अमिता श्रीवास्तव सहायक मनोवैज्ञानिक के अर्जित अवकाश स्वीकृत हो जाने के पश्चात भी मनोविज्ञान शाला प्रयागराज द्वारा धनराशि का भुगतान न किए जाने के सम्बंध में-विभाग शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

इसी तरह से विभिन्न विभागों के कुल 28 प्रकरणों की क्रमवार समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को लम्बित प्रकरणों को शीघ्रता से निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने मण्डल स्तर पर आयोजित होने वाली पेंशन अदालत को समय से आयोजित कराये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर निदेशक, पेंशन कोषागार श्रीमती आस्था तिवारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सूर्य को अर्घ्य देकर की परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना

- इफको घियानगर में पूजा अर्चना के साथ छठ पर्व का हुआ समापन
- इफ्को घियानगर छठ पूजा के अंतिम दिन उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया गया भव्य तरीके से संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



इफको में सूर्य को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की प्रार्थना करते हुए भक्त

**फूलपुर।** इफको में मंगलवार को छठ पूजा उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया जिसके साथ ही छठ महापर्व का समापन हुआ।

टाउनशिप परिसर में बने तालाब पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पवित्रता और अनुशासन के साथ तालाब में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। छठी मइया और भगवान सूर्य को समर्पित इस पूजा में व्रती महिलाओं द्वारा परंपरागत वेशभूषा धारण कर कच्चे दूध, ठेकुआ, नारियल और विभिन्न फलों से सूर्यदेव को भोग अर्पित किया गया।

इफको टाउनशिप, घियानगर में छठ पूजा के इस अनोखे और पारंपरिक आयोजन ने सभी श्रद्धालुओं की एकजुटता और आपसी सामंजस्य ने भक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर संयुक्त महाप्रबंधक अरूण कुमार, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव, सी. बी. सिंह, कपिल देव, सुनील कुमार यादव, वी. के. वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, रामकांत सिंह, सी. एस. सेंगर, तथा जयशंकर यादव शामिल रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उर्वरक समिति की बैठक-उर्वरक उपलब्धता पर सख़्त मानिटरिंग के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समिति के सदस्य उर्वरक आपूर्तिकर्ता कम्पनी के प्रतिनिधि, बफर स्टाकिस्ट एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं ने प्रतिभाग किया। जिला कृषि अधिकारी के.के. सिंह ने बताया कि जनपद में वर्तमान में यूरिया 21229 मी.टन, डीएपी 8515 मी.टन, एनपीके 16879 मी.टन, एमओपी 1965 मी.टन तथा एसएसपी 4838 मी.टन उपलब्ध है, तथा आवंटन के अनुरूप किसानों को निरंतर आपूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों की सतत निगरानी की जाए तथा किसी भी दशा में कालाबाजारी, अधिक मूल्य पर बिक्री, टैगिंग, मिलावट या अवैध परिवहन न होने पाए। जनपद की अंतरराज्यीय एवं अंतर्जनपदीय सीमाओं पर पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर चेकिंग सख्त रखने के निर्देश भी दिए। अनियमितता मिलने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फास्फेटिक उर्वरकों की उपलब्धता एवं बफर स्टॉक का तत्काल वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि बिना सदस्यता/फार्मर आईडी आए किसानों को मौके पर ही सदस्यता/आईडी बनाकर उर्वरक दिया जाए, ताकि किसी भी किसान को वंचित न रहना पड़े।

बैठक के अंत में जिला कृषि अधिकारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# न्यूज झरोखा

## मेजा के अमन तिवारी का नोवा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में चयन परिवार का बढ़ाया गौरव

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के जनवार गांव निवासी अमन तिवारी पुत्र अखिलेश तिवारी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर बड़ी सफलता हासिल की है। अमन का चयन नोवा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हयातनगर (तेलंगाना) में एमबीबीएस (बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी) पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। चयन के पश्चात अमन तिवारी ने बताया कि डॉक्टर बनना उनका बचपन का सपना था और आज यह सपना साकार हो गया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता अखिलेश तिवारी के आशीर्वाद तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।अमन के चयन की खबर से गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ है। परिवार मित्रों और ग्रामीणों ने अमन को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि अमन तिवारी की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए बेहद प्रेरणास्त्रोत है, जिन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से अपने सपनों को साकार करने की मिसाल पेश की है।



एमबीबीएस में चयन पर अमन तिवारी के परिजनों में है खुशी

## घर-घर बाजे बधईया, नंद घर जन्मे कन्हैया श्रोता हुए आनंदित हुआ प्रभु का जय घोष

**सहसों।** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सिताउ का पूरा गारापुर में संगीतमय चल रही साप्कताहिक कथा में कथा व्यास राघवेंद्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म, अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब-तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना और सज्जनों की रक्षा करते हैं। सुंदर प्रसंग का सजीव वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कारागार में देवकी-वासुदेव को हुए श्रीकृष्ण अवतार के दिव्य स्वरूप का दर्शन किया। जन्मोत्सव के अवसर पर उपस्थित भक्त महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर मंगल गीत गाए और घर-घर बाजे बधईया, नंद घर जन्मे कन्हैया,, के भक्ति रचना पर प्रभु के जोरदार जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी निकाली गई श्रोताओं ने प्रफुल्लित होकर फूलों की वर्षा कर नारायण का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के उपरांत आयोजक एवं मुख्य यजमान कृष्ण देव दुबे, उनके पुत्र सुनील दुबे, पुत्रवधू पूजा दुबे सहित अन्य भक्तों ने भागवत भगवान, व्यास पीठ, भगवान श्रीकृष्ण एवं आवाहित देवी-देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता विजय मिश्रा, लवकेश मिश्रा, उमाशंकर दुबे, मनोज दुबे, अजय दुबे, राजकुमार दुबे, संतोष दुबे, कपिल दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सहसों चौराहे पर विहिप का धर्म रक्षा निधि अर्पण का हुआ कार्यक्रम

**सहसों।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा सहसों चौराहे पर धर्म रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के सदस्य एवं भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पवन कुमार पाण्डेय ने धर्म रक्षा निधि के लिए इक्यावन हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया।




इसी क्रम में प्रयाग महाविद्यालय एवं मां फूलकली लॉ कॉलेज के प्रबंधक राम दत्त तिवारी ने भी धर्म रक्षा निधि में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करते हुए धर्म और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष दीपक द्विवेदी ने बताया कि धर्म रक्षा निधि का उपयोग धर्मार्थ कार्यो जैसे निःशुल्क दवा वितरण, स्वास्थ्य सेवाएँ, तीर्थ यात्राओं में सहयोग तथा जरूरतमंद और निरीह एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता की जाती है। उन्होंने बताया कि यह निधि समाज के कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए समर्पित है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संगठन के पदाधिकारी विनेक त्रिपाठी जिला मंत्री, प्रियांशु तिवारी विभाग सह मीडिया प्रमुख, स्वामी जी प्रांत युवा प्रमुख (गौरक्षा), किशन शुक्ला जिला विशेष संपर्क प्रमुख सहित आदि ने सहयोग दाताओं की प्रशंसा करते मौजूद रहे।

## अरैल घाट पर व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को दिया अधर्य: घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, 36 घंटे निर्जला व्रत का समापन

**नैनी।** नैनी अरैल घाट पर आस्था और श्रद्धा के महापर्व छठ पर मंगलवार की सुबह घाटों पर भव्य दृश्य देखने को मिला। अरैल घाट पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने उगते सुर्य को अर्घ आर्पित कर 36 घंटे के निर्जला उपवास का समापन किया। सुबह होते ही घाटों पर छठ मइया के जयकारे गूंज उठे। महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए सिर पर डाला ( टोकरी) रखे, अखंड ज्योति के साथ घाटों की ओर रवाना हुई। घाटों पर पहुँचकर व्रतियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और घुटने तक पानी में खड़े होकर उगते हुए सुर्य को अध्ध अर्पित किया। इस मौके पर पार्षद राकेश जायसवाल अपनी पत्नी व परिवार के साथ पूजा किया। इस अवसर पर मां गंगा की आरती उतार कर सकुशल त्योहार संपन्न होने पर पूर्वांचल छठ महासमिति नैनी के अध्यक्ष अरुण यादव के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण यादव के द्वारा मां गंगा के चरणों में नमन करते हुए उन्होंने प्रार्थना किया कि सकुशल मेला संपन्न हुआ है। यह मां गंगा की कृपा छठी मैया की कृपा सूर्य भगवान की कृपा से ही संपन्न हुआ इस अवसर पर गंगा तट पर श्रद्धालुओं का स्वागत और अभिनंदन पूर्वांचल समिति के पदाधिकारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण यादव, संरक्षक दयानंद पांडे, धनेश सिंह, बृजेश यादव, अनिल दिक्षित, उदय सिंह, राजेंद्र बाबा, शशि शर्मा लालू, शैलेंद्र सिंह पप्पू, सुनील दीक्षित, आलोक सिंह, अरुण तिवारी, हरेंद्र सिंह, राजेश सिंह, राजेश्वर सिंह, लल्लू भाई, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया की पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

# प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी का व्यक्तित्व हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत : उदयभान करवरिया

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** पूर्व प्रधान मर्रो अशोक तिवारी के निवास पर आयोजित शतचंडी महायज्ञ में मंगलवार को पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक इंजीनियर उदयभान करवरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी का व्यक्तित्व हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व गति से प्रगति पथ पर कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने भारत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के साथ ही भारतीय संस्कृति, परंपरा और मूल्यों को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित किया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का उनका मंत्र आज राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा आधार बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी का नेतृत्व उस समय और अधिक प्रभावी सिद्ध हुआ जब दुनिया अनेक चुनौतियों से जूझ रही थी। विषम परिस्थितियों में उन्होंने भारत को न केवल सुरक्षित रखा बल्कि प्रगति की नई दिशा भी दी। आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से अग्रसर है। यह उपलब्धि केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर है। वास्तव में प्रधानमंत्री जी के प्रयास भारत को विश्वगुरु के स्थान तक ले जाने वाले हैं। उनकी सोच वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को साकार करती है, जो आज के वैश्विक परिदृश्य में शांति और सामूहिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है। हमारे प्रदेश के उजार्वान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज की सरकार में प्रदेश का चहुंमुखी एवं सर्वांगीण विकास हो रहा है। कार्यक्रम आयोजक अशोक तिवारी ने माल्यार्पण करते हुए पूर्व विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर यज्ञाचार्य पंडित मुरारी लाल मिश्र, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक दुबे, बालकृष्ण तिवारी पूर्व प्रधान, कल्लू नेता, हरिप्रसाद मिश्र प्रधान, काशीनाथ शुक्ला, पिंटू पांडेय प्रधान, सौरभ तिवारी प्रधान, जितेंद्र शुक्ला, संदीप करवरिया, आशीष मिश्रा, जगदीश तिवारी, लाल बहादुर तिवारी शास्त्री, रमाशंकर तिवारी, श्याम बाबू तिवारी व्यास, आनंद तिवारी, कृष्णकांत तिवारी, भरत लाल तिवारी, लवकुश तिवारी, मनोज तिवारी, संतोष तिवारी, योगेश शुक्ला, राधे मोहन पांडेय, अशोक दुबे, दुर्गेश शुक्ला, रोहित तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# हम समाज के सुख दुख के बने रहेंगे सहयोगी : नीरज

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** प्रयागराज के भाजपा नेता एवं लोकसभा में पार्टी प्रत्याशी रहे, वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने मेजा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के साथ भरतगंज कस्बे का दौरा कर संगठनात्मक चर्चा के साथ अपनो के बीच पहुँचकर पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि मैं क्षेत्र के लोगों के साथ सुख और दुख दोनों स्थित में सहयोगी बनकर रहूंगा। श्री त्रिपाठी भरतगंज कस्बे के पार्टी के चेयरमैन प्रत्याशी रहे रनजीत सोनी के आवास पहुँचकर उनका कुशल क्षेम जाना और कस्बे में पार्टी की स्थित और पकड़ पर चर्चा की। उनके साथ रहे पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल और सोनी के साथ उन्होने विभिन्न राजनीतिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए आगामी नगर पंचायत के चुनाव पर मंथन किया है।

उन्होने माण्डा ब्लॉक के पूर्व प्रमुख अशोक सिंह के बादपुर गांव उनके आवास पर जाकर उनके पिता अधिवक्ता शिव बहादुर की मृत्यु पर शोक जताया और श्रद्धांजलि देकर कहा कि इस दुख की घड़ी में मैं आपके साथ हूँ। ढाढ़स बंधाते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि मृतक शिव बहादुर एक विद्वान अधिवाजता रहे। उन्होने सदा शोषितों, वंचितों की लड़ाई लड़ कर उन्हें न्याय दिलाया था । यह कमी अधिवक्ता समाज को खलेगी।

भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी क्षेत्र के कुँवरपट्टी गांव पूर्व जिला पंचायत प्रभुनाथ मिश्र के यहां पहुंचकर गोलोकवासी हो चुके उनके बड़े भाई त्रिभुवन नाथ मिश्र को श्रद्धांजलि दी। उन्होने कहा कि हम समाज के हर पीड़ित के साथ खड़ा हूँ और सहयोग के लिए तैयार हूं। कहा कि हम यहां बड़े भाई की हैसियत से आया हूँ और सुख दुख में साथी बना रहना चाहता हूं। दौरे में उनके साथ जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, माण्डा क्षेत्र के युवा नेता एवं समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गुरु विश्वामित्र के आदेश पर श्रीराम ने किया धनुष का खण्डन, सीता ने पहनाई वरमाला



**बारा।** सेहुंडा गांव में धनुष यज्ञ की रामलीला में रावण,बाणासुर सहित अन्य कई राजाओं द्वारा धनुष भंग न कर पाने पर विदेहराज जनक अधीर हो उठे, और उन्होंने यहां तक कह दिया कि मुझे लगता है कि पृथ्वी वीर-विहीन हो गई है। यदि समय रहते मुझे जानकारी हो जाती तो हम ऐसा कठिन प्रण ही न करते। जनक जी की बातें सुनकर भइया लक्ष्मण खुद को न रोक सके और कहा कि प्रभु श्रीराम के होते जनक जी का ऐसा कहना तीर की भांति चुभ रहे हैं। लगता है कि यह वास्तविकता से अपरिचित हैं। इस दौरान पेटल राजा, लस्टकिया, मेहरा राजाओं की प्रस्तुति भी बेहद शानदार रही,जिसे दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों की गड़गड़ाहट से उसका जोरदार स्वागत किया। रावण,बाणासुर संवाद भी दर्शकों को बहुत पसन्द आया। जिसके फलस्वरूप दर्शकों ने पुरस्कारों की झड़ी लगा दी। राजा जनक की व्याकुलता को देखते हुए मुनि विश्वामित्र ने श्रीराम को धनुष का खण्डन करने का आदेश दिया। उन्हें प्रणाम करते हुए श्रीराम मखशाला की ओर बढ़े और शिवधनुष के समीप पहुंचते ही उसे उठा लिया और प्रत्यंचा चढ़ाने लगे। इतने में मुनि विश्वामित्र का इशारा पाते ही श्रीरामचन्द्र जी ने धनुष भंग कर दिया। जिससे बड़ी प्रसन्न होकर सखियों सहित पहुंची जानकी जी ने श्रीरामचंद्र जी को वरमाला पहनाई। रामलीला मैदान श्रीरामचन्द्र की जय, के जयघोष से भक्तिमय हो गया। राजेश विश्वकर्मा एवं अन्य कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित एक जहाज के माध्यम से श्रीराम और सीता पर पुष्पवर्षा कराई गई। इस दौरान दर्शकों ने खूब आनंदित होकर जयकारे लगाए। रामलीला मैदान दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था, कहीं तिल रखने की जगह नहीं थी, लेकिन दर्शकों ने बड़ी शांति से कार्यक्रम का आनन्द लिया। इस दौरान गिरिजा शंकर त्रिपाठी, शैलेन्द्र त्रिपाठी, नीरज केसरवानी, शोभित त्रिपाठी,अखिल त्रिपाठी, राज वर्मा, कृष्ण बिहारी सिंह (चन्द्रा), लल्लाबाबू यादव, अरविन्द कुमार यादव, श्याम मोहन पाल, कल्लू समदरिया, सतीश कुमार पाण्डेय, प्रेमचंद्र जी विश्वकर्मा, मोहन लाल पाल, अर्जुन कोल, अंजनी आदिवासी, धीरू भाई केसरवानी, श्यामबाबू, रामायण प्रसाद विश्वकर्मा, शीलू महाराज सहित सैकड़ों पुरुष व महिलाएं मौजूद रहे।

# लाल बहादुर शास्त्री के पद चिन्हो एवं आदर्शो पर चलने की बात कही : विधायक संदीप सिंह पटेल

**लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक, मांडा में 'यूफोरिया' फ्रेशर फंक्शन संपन्न '**

**अखंड भारत संदेश**





**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के गिरधरपुर, मांडा स्थित लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निकमें रविवार को नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर फंक्शन ह्लयूफोरियाह्व का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्साह, सृजनात्मकता और सीनियर-जूनियर सद्भाव को समर्पित रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजा विधायक संदीप सिंह पटेल रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिस दिन छात्र-छात्राएं लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन पढ़ लेंगे, उनके आदर्शों को समझ लेंगे, उस दिन अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करना उनके लिए आसान हो जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और सादगी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

विशेष अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल शास्त्री, संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुनील शास्त्री, तथा कॉलेज के मैनेजर एवं प्रयागराज के पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह शास्त्री उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य रजनीश उपाध्याय ने की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत-संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों से समा बाँध दिया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न प्रतिभागियों में से मिस्टर फ्रेशर का खिताब इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष के छात्र श्रेयांश पांडे को मिला, जबकि मिस फ्रेशर का खिताब इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्रा अंजलि द्विवेदी ने अपने नाम किया।

आयोजन का उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें कॉलेज की गतिविधियों से जोड़ना और सीनियर-जूनियर के बीच आपसी सौहार्द को मजबूत करना रहा।

मेजा विधायक संदीप पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जिससे समाज और देश दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ह्लजहां एक ओर शिक्षा पर हमले हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उच्च वर्ग के लोग एसी कमरों में बैठकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके विपरीत ग्रामीण अंचलों के बच्चे सीमित संसाधनों में भी शिक्षा हासिल कर रहे हैं, जिनके सामने चुनौतियाँ कहीं अधिक हैं। ठीक उसी तरह हमारे पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन पढ़ लेंगे उसे अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करना उनके लिए आसान हो जाएगा।

इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि प्रयागराज के महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह,पूर्व कैबिनेट मंत्री सुनील शास्त्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल शास्त्री ने कॉलेज के उत्तीर्ण छात्रों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। वही पूर्व मंत्री ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेट की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्रधानाचार्य रजनीश उपाध्याय ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में की बैठक

## किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये-जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आये हुये किसानों की समस्याओं व सुझावों को गम्भीरता से सुना गया जिसमें किसानों ने खाद, धान खरीद, आवारा पशु, स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल आने, झोला छाप पशु डाक्टर, नहरों के कटान से फसलों के नुकसान, प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा का सुधार, आंगनबाड़ी, प्रधानमंत्री आवास योजना, कूड़ा निस्तारण आदि के सम्बन्ध में अपनी-अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखी, जिस पर डीएम ने मौके पर ही उनके समाधान हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और कुछ शिकायती प्रार्थना पत्रों पर आवश्यक कार्यवाही कर किसानों अवगत कराया जायेगा। आवारा पशुओं के सम्बन्ध में डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि अवारा पशुओं को पकड़ने हेतु अभियान चलाया जाये, कस्बों एवं गावों में छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में बन्द किया जाये, सीसीटीवी कैमरे गौशालाओं की निगरानी की जाये। डीएम ने किसानों से कहा कि यदि कोई भी पशु बीमार पड़ता है तो कन्ट्रोल रूम नम्बर 1962 पर कॉल कर जिससे पशुओं का ईलाज घर पर ही हो सके। किसानों द्वारा शिकायती की गयी कि घरों में लगाये गये स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल आ रहे है जिसके सम्बन्ध में डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि अधिकारियों की टीम बनाकर जांच की जाये जिससे जो भी शिकायतें आ रही है उसका निस्तारण कराया जा सके। किसानों ने अवगत कराया कि किसी भी विवाद होने पर गलत मेडिकल रिपोर्ट निर्गत किया जाता है जिस पर जिलाधिकारी ने सीओ सिटी को निर्देशित किया कि ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। डीएम ने सम्बिन्धत अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। कार्यक्रम के दौरान किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। उन्हे जैविक व प्राकृतिक खेती के लाभों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नति खेती करने का सुझाव दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, सीओ सिटी प्रशान्त राज, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार अधिशासी अभियन्ता सिंचाई अरविन्द वर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

### आवासीय पट्टे की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ा मुरार पट्टी गांव निवासिनी रमपत्ती पत्नी राम अभिलाख ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोपित किया है कि उसकी आवासीय पट्टे की भूमि पर विपक्षियों द्वारा पक्का निर्माण व कब्जा का प्रयास किया जा रहा है। विरोध पर विपक्षी आमदा फौजदारी हैं। मामले की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।

### वांछित धराया, भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** कोतवाली लालगंज पुलिस ने गश्त के दौरान एक वांछित को धर दबोचा। गिरफ्तार वांछित को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा भुवाल सिंह यादव पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर सरदार का पुरवा निवासी शब्बीर पुत्र जुमई को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वांछित को जेल भेज दिया गया है।

# टप्पबाजों को नहीं है पुलिस का खौफ, दुकानदारों को लगा रहे चूना



**पट्टी।** इलाके में टप्पे बाजी की घटनाएं निरंतर बढ़ रही हैं। ताजा शिकार एक अनपढ़ पान दुकानदार बना है। कस्बे के रायपुर रोड पर स्थित चमन चैराहे पर पान दुकानदार कादी चैरसिया के पास बाइक सवार एक युवक पहुंचा। चार पैकेट सिगरेट तथा कुछ अन्य सामान लिए। दुकानदार के पास एक बगैर सिम का पुराना एंड्राइड मोबाइल रखकर बोला की बाइक की डिक्की में पैसे हैं लाकर देता हूं। दुकानदार अन्य ग्राहकों को निपटने में लग गया। इसी बीच आरोपी युवक बाइक से रफू चक्कर हो गया। बाद में दुकानदार नें तलाश शुरू की तो आरोपी जा चुका था। पीड़ित ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी तो डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी युवक द्वारा की गई टप्पेबाजी सीसीटीवी में कैद है। युवक की बाइक का नंबर भी सीसीटीवी में स्पष्ट दिख रहा है। सप्ताह भर पहले बीबीपुर बारडीह निवासी रामचंद्र सरोज के साथ भी चालीस हजार रुपए की हेराफेरी हो गई थी। पुलिस ने घटना का सीसीटीवी फुटेज भी दो बैंक शाखाओं के एटीएम से निकाला। लेकिन अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब दूसरी घटना भी सामने आई है। माह भर पहले एक फल विक्रेता को फर्जी मैसेज दिखाकर एक व्यक्ति हजार रुपए कैश लेकर चला गया था। कस्बे के अनपढ़ व्यापारी लगातार टप्पे बाजी के शिकार हो रहे हैं पुलिस इन शिकायतों को दरकिनार कर देती है। जिसके चलते घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है।

# वैवाहिक कार्यक्रम में अशांति फैलाने वाले शराबी को पुलिस ने भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** गेस्ट हाउस में चल रहे एक वैवाहिक कार्यक्रम में अशांति फैलाने और बारात में मारपीट और गोली चलने की झूठी सूचना देकर पुलिस को परेशान करने वाले दो शराबियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। मान्धाता थाना क्षेत्र के जेठवारा रोड पर खरगीपुर में स्थित मेरिज हॉल में पट्टी क्षेत्र से आई एक बारात में शराब पीकर गाली गलौज करने व गोली चलने की झूठी सूचना देने के आरोप में दो लोगों को पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया। बारात में आए धनंजय वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा निवासी लाखीपुर कपसा नारंगपुर थाना पट्टी के द्वारा डायल-112 पर सूचना दी गई कि मैरिज हॉल में झगड़ा-फसाद व गोलीबारी हो रही है तथा 50 लोग घायल हैं। सूचना मिलते ही थाने में हड़कंप मच गया। तत्काल उपनिरीक्षक हेमन्त कुमार वर्मा मय हमराह हे0का0 वीरेंद्र यादव एवं चीता मोबाइल के कर्मचारी का0 शिवराम मिश्रा व का0 शक्ति के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बारात में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। विवाह समारोह शांतिपूर्ण संपन्न हो रहा है। पुलिस ने झूठी सूचना देने वाले धनंजय वर्मा तथा अजय वर्मा पुत्र शोभनाथ वर्मा निवासीगण लाखीपुर कपसा नारंगपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को शराब के नशे में रंगे हाथों पकड़ लिया तथा फर्जी सूचना देकर बारात का माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने के आरोप में विधिक कार्यवाही करते हुए दोनों को जेल भेज दिया।

# छठ महापर्व पर कमलेश्वर नाथ धाम सई नदी के तट पर लगा आस्था का मेला

## क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया छठ मैया का महापर्व

**अखंड भारत संदेश**




**पट्टी।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के कमलेश्वर नाथ धाम रामघाट जामताली सई नदी के पावन तट पर छठ महापर्व के दूसरे दिन मंगलवार की भोर भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। भोर होते ही व्रती महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पूरी ऊर्जा और श्रद्धा के साथ विधि विधान से छठ मैया का पूजन अर्चन किया। छठ मैया के भक्ति गीत धीरे धीरे उग हे सूरज देव सुन ल अरज हमार... के साथ छठ मैया के गीत जयकारे से जामताली क्षेत्र गूँज उठा। मंगलवार को सर्द भोर में सूर्य निकलने से पहले ही सैकड़ों महिलाएं सई नदी के जल में उतर चुकी थी। लालिमा बिखेरते सूर्य देव जब भूमंडल को प्रकाश से भरने चले तो उनके दर्शन व अभिवादन करने को सबके हाथ जुड़ गए। उनको नमन करके अर्घ अर्पित किया गया। उनको फल समेत सामग्री चढ़ाकर परिवार की खुशहाली की मांग की। छठ माता से सुख सौभाग्य में सतत वृद्धि करने की प्रार्थना की गयी। कमलेश्वर नाथ धाम रामघाट जामताली में मेला जैसा नजारा रहा। छठ मैया के जयकारे से दूर-दूर तक भक्ति का संदेश दिया गया। नहाय खाय व खरना के बाद सोमवार को जहां ढलते सूर्य देव का पूजन किया गया था वहीं पर मंगलवार की भोर में व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य भगवान का पूजन अर्चन करके अर्घ दिया और प्रसाद ग्रहण करके व्रत को पूरा किया। आस्था के इस महापर्व को लेकर महिलाओं का उत्साह देखने लायक रहा। इस दौरान उनके स्वजनों ने भी मां का प्रसाद ग्रहण किया। बैंड बाजे और डीजे की धुन पर भक्तगण भक्ति रस वर्षा में सराबोर रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमर सिंह साधू सिंह, छोटे सिंह, हरिकेश सिंह, राजकुमार सिंह, मुन्नू सिंह, संजय सिंह, संजू सिंह, अंशु सिंह, बृजेश सिंह सुरेश सिंह किरन सिंह, रेखा सिंह ,सोनू सिंह, वंदना सिंह, राधा सिंह, लक्ष्मी सिंह, पुष्पा सिंह, बूढ़े बच्चे जवान व्रती महिलाएं सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### अतुल को युवा कांग्रेस सोशल मीडिया क्वार्डिनेटर बनाए जाने पर खुशी



**प्रतापगढ़।** युवा कांग्रेस सोशल मीडिया में इं. अतुल शुक्ला को जिला क्वार्डिनेटर चयनित किये जाने पर मंगलवार को यहां कार्यकताओं में खुशी देखी गयी। पार्टी कार्यकताओं ने स्थानीय कैम्प कार्यालय पर बैठक कर उपलब्धि पर खुशियां साझा की। नवचयनित जिला क्वार्डिनेटर अतुल ने चयन के लिए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रति आभार जताया है। इस मौके पर अभिनव शुक्ला, रामू मिश्र, त्रिभु तिवारी, चंदन पाण्डेय, अम्बुज मिश्र, गिरजाशंकर पाण्डेय, सिंटू मिश्र, अर्पण मिश्र, अवशेष शुक्ला, प्रभात ओझा, भूपेन्द्र तिवारी काजू, जितेन्द्र द्विवेदी, अक्षत तिवारी, आदित्य तिवारी, बेलाल रहमानी, दिनेश सिंह, मुरलीधर तिवारी आदि रहे।

# कौशांबी सांसद ने किया क्षेत्र का दौरा



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के लखपेड़ा भवानीगंज में विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट विनीत यादव के नेतृत्व में सांसद लोकसभा कोसाम्बी पुष्पेंद्र सरोज का भव्य स्वागत हुआ सरायंछत्ता निवासी जीत लाल सरोज के यहां तथा मारपीट में घायल सुनील सरोज पुरैली मखदूमपुर और शुक्लनपुर भरतगढ़ तुलसी पासी एवं पींग गांव पूर्व प्रधान मृतक राजेश यादव एवं धनगढ़ गांव के डां विजय पत्रकार के भाई कि मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त किए गाड़ी से एक्सीडेंट में घायल बिजयीमऊ निवासी सपा नेता बंशीलाल पासी के घर जाकर कुशल क्षेम लिए इस मौके पर अध्यक्ष वि.स. बाबागंज विनीत यादव एससी एसटी प्रकोष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश यादव वीरू पासी दीपू पासी सुभाष पासी मोतीलाल पटेल प्रधान आमीपुर दरोगा पटेल प्रधान चंद्रेश पटेल एडवोकेट प्रमोद सरोज अजय यादव प्रधान लल्लूराम पाल पितई मौर्य सुभाष पासी लालचंद सरोज पंकज यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

### आज सामूहिक श्रीराम कथा में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज बुधवार को रामपुरखास के दौरे पर आयेंगे। वह दिन में बारह बजे रामपुर बावली तथा एक बजे बेलहा व अपरान्ह तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचेगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में पौने चार बजे कटेहटी संकटमोचन हनुमान मंदिर में हो रही सामूहिक श्रीराम कथा में शामिल होंगे। इसके बाद वह सायं साढ़े चार बजे भवानीगढ़ में श्रीमदभागवत कथा में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

### पेड़ काटने का आरोप, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** पेड़ काटे जाने के आरोप को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के प्रतापरूद्रपुर के पूरे वक्तावर निवासी अवधेश नारायण मिश्र पुत्र स्व0 सेवाराम मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी जमीन पर लगा यूकेलिप्टस का पेड़ गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा जबरन काट लिया गया। पीड़ित का आरोप है कि पेड़ की अनुमानित रकम की मांग करने पर आरोपी धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक पलटने से घायल महिला की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** अनियंत्रित बाइक के सड़क किनारे गडढे में चले जाने से दो लोग घायल हो गये। इलाज के दौरान बाइक सवार महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवाया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज निवासी कैलाश गुप्ता पुत्र स्व0 अशोक कुमार के अनुसार सोमवार की शाम करीब सात बजे उसकी चाची अड़तालिस वर्षीया रेखा अपने भाई के साथ बाइक से सुल्तानपुर स्थित अपने मायके से घर लौट रही थी। अमेठी पेट्रोल पम्प के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गडढे में पलट गयी। इससे रेखा व उसका भाई घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अमेठी जनपद के असैदापुर गौरीगंज स्थित अस्पताल भेजवाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने रेखा को एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान रेखा की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवाया। मृतका रेखा के पति जीवन लाल की भी माह भर पूर्व बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। मृतका के दो पुत्री व एक पुत्र हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा

**प्रतापगढ।** बाबा निवास मान्धाता में अंतराष्ट्रीय कथाव्यास परम पूज्य संत मुकेश आनन्द महाराज के मुखारविंद से हो रही श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा में पहुँचे राजा राणा सूबेदार सिंह चैहान राजभवन मेढ़ावा ने यात्रा में सम्मिलित होकर महाराज जी का आशीर्वाद लिया साथ में तेज प्रकाश सिंह आयोजक अजय कुमार सिंह मुख्य यजमान कुंदन सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता मदन गोपाल सिंह, पूर्व प्रधान मान्धाता आदि लोगो से स्नेहिल भेंट मुलाकात की व उनके द्वारा हो रहे धार्मिक कार्यक्रम की सराहना कर शुभकामनाएं दी एवं आयोजक तेज प्रकाश सिंह के नेतृत्व में कलश यत्रा संपन्न हुई !

## उत्पीड़न व समस्याओं को लेकर बैठक में वकीलों ने किया मंथन

**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ की मंगलवार को हुई बैठक में विभिन्न समस्याओं को लेकर रणनीतिक मंथन हुआ। बैठक में साथी अधिवक्ताओं के उत्पीड़न सहित तहसील परिसर में व्याप्त समस्याओं पर विचारविमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि उत्पीड़न तथा समस्याओं के समाधान को लेकर संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाधिकारी से मिलकर वार्ता करेगा। बैठक में लालगंज में ट्रेजरी कार्यालय के अभी तक संचालन न होने को लेकर आक्रोश भी जताया गया। वहीं सांगीपुर थाना क्षेत्र में तीन अधिवक्ताओं पर हुए जानलेवा हमले में प्रभावी कार्रवाई को लेकर बार कौंसिल को प्रस्ताव भी भेजवाया गया। बैठक का संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, दीपक पाण्डेय, अतुल मिश्र, अभिषेक शुक्ला, आशुतोष द्विवेदी, सुमित वत्सल, दुर्गेशमणि त्रिपाठी, अतुल तिवारी, नवनीत पाण्डेय व सलमान खॉन मौजूद रहे।

## कुनबे को मिल रही जान से मार देने की धमकी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के लवेदा गांव निवासी दयाराम निषाद पुत्र शुभकरन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि उसकी आबादी की भूमि पर गांव के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा दबंगई व सरहंगई के बल कब्जा किया जा रहा है। विरोध पर पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकियां दी जा रही है। धमकी से परिवार डरा-सहमा हैं। पीड़ित को आशंका है कि किसी समय अप्रिय घटना हो सकती है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सार्वजनिक रास्ते पर लकड़ी व ईंट रखकर किया बंद, शिकायत

**पट्टी।** सार्वजनिक रास्ते पर लकड़ी व ईंट रखकर बंद कर दिया। जिससे आने-जाने में लोगों को समस्या उत्पन्न हो रही है। रास्ता खाली करने की बात पर युवक मार-पीट करने लगा जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कोठियार गांव के रहने वाले रामशरण उर्फ पप्पू ने मंगलवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि सार्वजनिक रास्ते पर गांव का एक व्यक्ति लकड़ी व ईंट रखकर बंद कर दिया। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही हैं। लकड़ी ईंट हटाने की बात करने पर युवक मार-पीट और गाली गलौज करने लगा। मामले में पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर रास्ता खुलवाए जाने की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

# कर्म तथा कर्तव्य के प्रति निष्ठा है प्रभु की आराधना : आचार्य नीरज कृष्ण

## भवानीगढ़ में श्रीमदभागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव के भावपूर्ण प्रसंग पर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के ओझा का पुरवा भवानीगढ़ में हो रही श्रीमदभागवत कथा में मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथाव्यास श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य नीरजकृष्ण पाण्डेय जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म धरा से पाप के समूल विनाश के लिए हुआ। उन्होने कहा कि भगवान के जन्म की लीला में संसार को धर्म के पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा मिली। उन्होने कहा कि भगवान के प्रति श्रद्धा और भक्ति सदैव मंगलकारी हुआ करती है। आचार्य नीरज कृष्ण जी ने बताया कि जीवन में कर्म और कर्तव्य के प्रति निष्ठा ही सच्ची आराधना है। उन्होने कहा कि मन से भक्त ने जिस भी रूप मे प्रभु को पुकारा, भगवान ने उसकी पुकार सुनी। उन्होने कहा कि सत्य धर्म का अर्थ अनीति के रास्ते से बचते हुए परोपकार है। उन्होने गिरिराज के पूजन की भी मार्मिक कथा सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के मनमोहक भावपूर्ण प्रसंगों पर श्रद्धालु द्वारिकाधीश के जयघोष में मगन हो उठे। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के शंखनाद के मध्य भगवान के जन्म पर पुष्पवर्षा भी हुई। कथा के संयोजक समाजसेवी रामकरन ओझा, लक्ष्मी नारायण ओझा एवं राम खेलावन ओझा ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक सुरेन्द्र ओझा बबलू ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ला, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, केके सिंह, राकेश सिंह, रामबोध शुक्ला, अशोकधर द्विवेदी, विकास पाण्डेय, चंदन पाण्डेय, बड़े लाल तिवारी, राजू पयासी, विजय ओझा, वीरेन्द्र ओझा, राघवेंद्र ओझा, उत्कर्ष ओझा, डा0 त्रिभुवन चैबे, अजीत मिश्र आदि रहे।

# जहर का इंजेक्शन लगाते ही बुखार से पीड़ित मरीज की मौत

**● अवैध तरीके से चलने वाले अस्पतालों पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ● कुछ महीनो के बीच गलत इलाज के चलते दर्जनों लोगों की हो चुकी है मौत**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले में निजी नर्सिंग होम मौत के अड्डे बनते जा रहे हैं आए दिन मामूली मर्ज पर निजी अस्पतालों में मरीजों की मौत हो जाती है लेकिन गलत तरीके से चलने वाले अस्पतालों को बंद करने का प्रयास मुख्य चिकित्सा अधिकारी नहीं कर रहे हैं आखिर गलत अस्पतालों से मुख्य चिकित्सा अधिकारी का क्या निजी स्वार्थ छिपा है जिसके चलते वह गलत तरीके से चलने वाले अस्पतालों को नहीं बंद कर रहे हैं बीते कुछ महीने के बीच गलत इलाज के चलते दर्जनों मरीज की मामूली मर्ज में मौत हो चुकी है जिसके बाद पूरे स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं चरवा थाना क्षेत्र के आस्था हॉस्पिटल में बुखार से पीड़ित महिला मरीज को इंजेक्शन लगाते ही




बीती रात मरीज की मौत हो गई है कथित डॉक्टर ने मरीज को कौन सा इंजेक्शन लगाया है इस बारे में वह कुछ बताने को भी तैयार नहीं है वही लोगों की बातों को माने तो मरीज को जहर का इंजेक्शन लगा दिया गया है जिससे मरीज की मौत हो गई है अब डॉक्टर ने मरीज को जानबूझकर जहर का इंजेक्शन लगाया है या भूल से मरीज को जहर का इंजेक्शन कथित डॉक्टर ने लगा दिया है यह तो जांच का विषय है मरीज की मौत के बाद मौके पर तमाम लोग एकत्रित हो गए और हंगामा करने लगे हैं जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी पहुंच गई है घटना को 12 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद अभी तक अस्पताल को सीज करके अस्पताल संचालक को गिरफ्तार नहीं किया गया है जिससे पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था कटघरे में खड़ी है बिना मेडिकल स्टोर लाइसेंस के अस्पतालों में मेडिकल स्टोर खोल दिया गया है इस पर भी सवाल खड़ा है।

जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावां ग्राम के मजरा कूड़ा पुर की उर्मिला देवी पत्नी राजेश कुमार को बुखार आ गया था उर्मिला को बुखार आने के बाद राजेश कुमार उसे लेकर आस्था अस्पताल चरवा पहुंचे जहां उन्होंने मरीज को भर्ती कर दिया और कथित डॉक्टर ने जितनी रकम की डिमांड की राजेश कुमार ने अस्पताल संचालक को दे दी इसके बाद डॉक्टर ने महिला मरीज को एक इंजेक्शन लगाया और इंजेक्शन लगाते ही महिला मरीज तड़पने लगी और देखते-देखते कुछ देर में महिला मरीज की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है महिला मरीज की मौत होते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए मरीज की मौत की जानकारी मिलते ही गांव परिवार रिश्तेदार भी अस्पताल पहुंच गए और डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे हैं मरीज की मौत की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन सवाल उठता है कि बुखार पीड़ित को कथित डॉक्टर ने कौन सा इंजेक्शन लगा दिया गया है जिससे इंजेक्शन लगाते ही मरीज की दर्दनाक मौत हो गई है कहीं मरीज को जहर का इंजेक्शन तो डॉक्टर ने नहीं लगा दिया है जिससे तुरंत मरीज की मौत हो गई है यह बड़ी जांच का विषय है। कुछ दिन पहले चरवा थाना क्षेत्र के बेरुवा चौराहे में भी एक मरीज को मेडिकल स्टोर संचालक कथित डॉक्टर ने जहर का इंजेक्शन लगा दिया था जिससे मरीज की तुरंत दर्दनाक मौत हो गई थी मामले में पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है लेकिन आगे की कार्यवाही रद्दी में चली गई है स्वास्थ्य विभाग के रहमों करम पर कथित डॉक्टर अस्पतालों का संचालन कर रहे हैं जिनका उद्देश्य केवल धन वसूली तक सीमित है अनुभव योग्यता और डिग्री ना होने के बाद भी बिना पंजीकरण के बड़े-बड़े अस्पताल बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर चल रहे हैं लेकिन उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग धृतराष्ट्र बना हुआ है जिससे मरीजों की मौत लगातार हो रही है और स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## एक बाइक दो मोबाइल फोन तथा 15000 रुपए के साथ चोर गिरफ्तार

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना पुलिस टीम द्वारा 27 अक्टूबर को संदिग्ध वाहन व्यक्ति की चेकिंग की जा रही थी कि इसी दौरान ग्राम अषाढ़ा मे एक संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिली थाना पश्चिम शरीरा पुलिस मौके पर पहुंची तो काफी भीड़ लगी थी बताया गया कि यह पकड़ा गया व्यक्ति चोरी के इरादे से गांव मे घूम रहा था तो हम लोगों ने इसको पकड़ लिया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम अमित कुमार उर्फ छोटू पुत्र छेदी सरोज निवासी अर्का महावीर पुर थाना करारी बताया तथा नियमानुसार चेक किया गया तो उसके पास से दो मोबाइल एवं 15000 रू0 नगद तथा एक अदद चोरी की मोटर साइकिल बरामद हुई जिसके आधार पर थाना पर मु0अ0सं0 120/2025 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अमित कुमार उर्फ छोटू ने गहन पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 16.10.2025 को ग्राम जाफरपुर महावा में गांव के अन्दर से सुपर स्पेण्डर जिसका नं0 UP73व7245 चोरी किया था जिसे 10000 रुपये में अज्ञात व्यक्ति को बेच दिया था । जिसमें से 5000 रुपय मैने खर्च कर दिया 5000 रुपय उसके शेष बचे थे जो मेरे पास से बरामद हुआ । दिनांक 22/23.10.2025 की रात में अपने ननिहाल ग्राम मितवापुर के बगल ग्राम भीखमपुर जीटी रोड़ साक्ष्मी टेन्ट हाउस थाना संदीपनघाट के घर से मै तथा मेरा साथी मिलकर चोरी किये थे जहा से 50000 रुपया मिले थे जिसमें हम दोनो आधा आधा बाट लिये थे। कुल 25000 रुपय मुझे मिला था जिसमें 15000 रुपय खर्च हो गया तथा शेष 10000 रुपया मेरे पास था जो आप मेरे पास से बरामद किये है तथा दो मोबाइल अभियुक्त के कब्जे से बारमद हुए।

# आईएएस अमित पाल बनाए गए कौशांबी के नए जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार और चौपट कानून व्यवस्था के बाद मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारी कौशांबी मधुसूदन हुल्गी को कौशांबी के जिला अधिकारी पद से हटा दिया है और कौशांबी में नए जिलाधिकारी की तैनाती मुख्यमंत्री कार्यालय ने की है अभी 4 दिन पहले जिलाधिकारी कौशांबी मधुसूदन हुल्गी वाहवाही लूटने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने लखनऊ गए थे मुख्यमंत्री से मिलते हुए उनकी फोटो वीडियो भी सूचना कार्यालय ने सूचना ग्रुप के जरिए भेजी थी लेकिन योगी आदित्यनाथ से मिलने के बाद भी जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के कार्यों को उन्होंने माफ नहीं किया और इन्हें जिला अधिकारी के पद से हटा दिया डीएम को उम्मीद थी कि इन्हें बड़े जिले की बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी लेकिन बड़ी जिम्मेदारी के बजाय इन्हें विशेष सचिव का दायित्व सौंपा गया है मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा



**जिले की चौपट व्यवस्था के बाद हटाए गए जिला अधिकारी मधुसूदन हुल्गी**

**मुख्यमंत्री योगी के सामने अपने कार्यों का गुणगान करना जिला अधिकारी को पड़ा महंगा**

जारी किए गए सूची के अनुसार विकास प्राधिकरण प्रयागराज से आईएएस अमित पाल को हटाते हुए कौशांबी का जिलाधिकारी बनाया गया है और कौशांबी के जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रमुख सचिव बनाया गया है नेताओं की गलत बात मानना और गलत तरीके से आम जनता को प्रताड़ित करना जिला अधिकारी मधुसूदन हुल्गी के कार्यों में शामिल रहा है पूरे कार्यकाल नेताओं के रहमों करम पर डीएम मधुसूदन हुल्गी पूरी व्यवस्था देखते रहे जिससे जिले की जनता प्रताड़ित होती रही और विकास योजनाएं चौपट होती रही भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान रही मीटिंग के नाम पर केवल अधिकारियों को धमकी देते रहे कार्यवाही के नाम पर पूरे जिले की सरकारी व्यवस्थाएं चौपट रही है चौपट व्यवस्था के बाद एक भी जिला स्तरीय अधिकारियों पर डीएम मधुसूदन हुल्गी ने कार्रवाई नहीं की जबकि धमकी प्रतिदिन उनके हर जुबान में शामिल रही जिन मामलों में उन्होंने कार्यवाही का निर्देश भी दिया उन मामलों में भी संबंधित विभाग के अफसर ने कार्यवाही नहीं की है जिससे उनके लचर व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता था।

## जहर खाकर आत्महत्या करने की पोस्ट करने वाले युवक की पुलिस ने बचाई जान


**कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्रान्तर्गत एक युवक द्वारा 27 अक्टूबर की रात 11 बजे जहर खाकर आत्महत्या करने सम्बन्धी पोस्ट इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया, जिसके संबंध में मेटा कम्पनी से अलर्ट प्राप्त होने के उपरान्त पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग), लखनऊ, उ0प्र0 के द्वारा उक्त युवक द्वारा अपलोड की गयी पोस्ट, उसका मोबाइल नं0 व उसकी लोकेशन सोशल मीडिया सेल जनपद कौशाम्बी को उपलब्ध करायी गयी। मीडिया सेल द्वारा तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुये थाना प्रभारी संदीपनघाट को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया सूचना पर थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए! इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने के सम्बन्ध में, इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने वाले युवक के घर अविलम्ब पहुंचकर उसकी जान बचायी गयी तथा उसकी काउंसलिंग की गयी। काउंसलिंग के दौरान युवक द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा भूलवश/गलती से इस तरह का पोस्ट हो गया था, युवक को उसके परिजनों को सुपुर्द करते हुए मुनासिब हिदायत दी गयी । युवक द्वारा दोबारा ऐसी हरकत न करने के सम्बन्ध में लिखित व मौखिक बयान दिया गया परिजनों ने जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार जताया।

# अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत

**● शादी के 6 महीने में विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध दशा में मौत, घर के भीतर मिला एक बालिका का शव**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सोमवार के दिन चार लोगों की मौत हो गई है मौत की जानकारी पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक लोगो के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही मौत के बाद सभी परिवार में कोहराम मचा हुआ है जहां एक विवाहिता की शादी के 6 महीने बाद ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है वही एक बालिका भी की भी संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर मौत हो गई है 3 दिन से गायब वृद्ध का शव यमुना नदी में मिला है तो एक बालक की करंट लगने से मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के सेवड़ा गांव निवासी पल्लवी उम्र 22 वर्ष की शादी 6 महीने पूर्व करारी कस्बे के नेता नगर मोहल्ला निवासी शीतल कुमार से हुई थी परिवार में विवाहिता से



आए दिन दहेज को लेकर के विवाद होता था सोमवार को पल्लवी का शव करारी कस्बे के घर के भीतर फंदे से लटका पाया गया है आनन फानन में उसको लेकर के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे हैं जहां डॉक्टरों ने उसको मृतक घोषित कर दिया है मायके के लोगों ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना पुलिस से मुकदमा दर्ज करने की मांग की है विवाहिता के मौत पर तमाम सवाल खड़े हैं और मौके की परिस्थितिया आत्महत्या से इनकार कर रही है।

दूसरी घटना संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नजरगंज की है जहां गुलाबो देवी उम्र 24 वर्ष पुत्री शिवराज की सोमवार की सुबह 8 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर फांसी के फंदे में चुल्ले से बालिका की लाश मिली है सूचना पर मूरतगंज चौकी पुलिस पहुंची है और बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका की मौत पर भी तमाम सवाल खड़े हैं।

इसी तरह सैनी कोतवाली क्षेत्र के पथरावा गांव के मजरा काजीपुर के एक वर्ष के बालक वंशलोचन की विद्युत करंट लगने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है चौथी घटना सराय अकिल थाना क्षेत्र के दिया उपरहार गांव की है जहां सुग्गीलाल उम्र 80 वर्ष तीन दिनों से घर से लापता थे रविवार को उनका शव यमुना नदी के भंखण्दा घाट पर मिला है सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुग्गीलाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ सुग्गी लाल की मौत कैसे हुई है यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा होगा।

# बांदा वाले कथित डॉक्टर ने इलाज में ले ली एक महिला की जान

**गलत अस्पताल में मौत के बाद अस्पताल को अभी तक बंद नहीं कराया गया डॉक्टर की गिरफ्तारी नहीं हुई जिससे पूरे स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हैं**



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली बाजार में बांदा वाले कथित डॉक्टर का अवैध तरीके से अस्पताल चल रहा है जहां ना तो अस्पताल का पंजीयन है ना योग्य डॉक्टर है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के रहमों करम पर बांदा वाले डॉक्टर का यह अस्पताल मरीज का इलाज कर धन वसूली में लगा हुआ है जुगराजपुर गांव की रीना देवी की शादी सराय अकिल कस्बे के रविंद्र जायसवाल से हुई थी लेकिन कुछ दिन पहले वह अपने मायके जूगराजपुर गांव गई थी जहां रीना बुखार से पीड़ित थी जिस पर मायके वालों ने बांदा वाले डॉक्टर के अस्पताल कनैली में 26 अक्टूबर को रीना को भर्ती कर दिया लेकिन अस्पताल में भर्ती होने के बाद रीना का स्वास्थ्य ठीक होने के बजाय और खराब होने लगा और देखते-देखते इलाज के दौरान रीना की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है परिवार के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया है सूचना मिलने के बाद मौके पर थाना पुलिस पहुंची है और मरीज रीना के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार के लोगों का आरोप है कि कथित डॉक्टर राम भवन ने गलत तरीके से इलाज किया है डॉ राम भवन के पास क्या डिग्री और क्या योग्यता है इस बात की जांच अभी तक स्वास्थ्य विभाग नहीं कर सका है गलत तरीके से चलने वाले अस्पताल में मौत के बाद अस्पताल को अभी तक बंद नहीं कराया गया डॉक्टर की गिरफ्तारी नहीं हुई जिससे पूरे स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े है।

## चायल बार एसोसिएशन चुनाव के प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी

**तिल्हापुर कौशांबी।** बार एसोसिएशन चायल के चुनाव के लिए सोमवार को विभिन्न पदों हेतु कुल 32 वैध प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई।एल्डर कमेटी के सदस्य रिजवान अहमद के अनुसार अध्यक्ष पद के लिये गोविंद सिंह, बांके लाल पाल और सगीर अहमद वा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आमोद कुमार मिश्र और दस्सू सिंह वा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर योगेंद्र स्वरूप और मोहर सिंह वा महामंत्री पद पर अजीत सिंह, मो. एहसान, योगेश कुमार, राजवन सिंह और सुरेंद्र सिंह वा संयुक्त मंत्री पद पर घनश्याम कुमार, विजय प्रकाश और सुल्तान मोहम्मद वा कोषाध्यक्ष पद पर देव शरन, राम नरेश और सुनील कुमार वा आय व्यय निरीक्षक पद पर मो. याकूब और सौरभ कुमार और पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर कमलेश कुमार और शिखर कुमार तथा प्रकाशन मंत्री पद पर धर्मेंद्र सिंह और पवन कुमार पांडेय सहित कार्यकारिणी सदस्य पद पर अंकित कुमार मिश्र,कुलदीप सिंह,नुरूत जमा,बृजेंद्र कुमार भूपेंद्र सिंह,मंजीत सिंह, शिवम ओझा और सुरजीत कुमार समेत 32 उम्मीदवारों का नाम घोषित किया गया है।एल्डर कमेटी के अनुसार पूर्व महामंत्री व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजेश्वर सिंह यादव ने निर्धारित मानक के मुताबिक 25 वर्ष प्रैक्टिस पूरी नहीं होने पर चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया है।अब आगामी छह नवंबर को मतदान और सात नवंबर को मतों की मतगणना की जाएगी।

# भवंस 14वीं नॉर्थ एंड नॉर्थ ईस्टर्न रीजन स्कूल एथलेटिक एंड कल्चरल मीट का दो दिवसीय भव्य आयोजन

**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में भारतीय विद्या भवन मुंबई द्वारा आयोजित दो दिवसीय एथलेटिक मीट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 29 एवं 30 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहा है जिसमें भारतीय विद्या भवन द्वारा संचालित भारत के नॉर्थ एवं नॉर्थ ईस्टर्न के समस्त कॉलेज के छात्रों का समूह प्रतिभाग करने जा रहा है। प्रतियोगिता में जयपुर पंचकूला अमृतसर अगरतला प्रतापनगर दिल्ली रेनूकूट कोलकाता, हल्दिया एवं चंडीगढ़ के स्कूलों के छात्र एवं उनका समूह अपने अध्यापकों एवं कोच के साथ प्रतिभाग करने के लिए आ रहे हैं जिनका सीधा मुकाबला भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के छात्रों से होगा।इससे पहले यह एथलेटिक मीट कोलकाता,जयपुर और अन्य प्रदेशों में 13 बार आयोजित हो चुकी है जिसमें भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी 7 बार ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल कर चुका है।इस बार 14वीं एटलेटिक मीट की जिम्मेदारी भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी को प्रदान की गई है।प्रतियोगिता उपर्युक्त निर्धारित दो दिनों में अलग अलग चरणों में सम्पन्न होगी।प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को सुबह 9 बजे निदेशक संदीप सक्सेना एवं प्रबंध समिति के अनेक गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ होगी।उक्त जानकारी भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के निदेशक संदीप सक्सेना एवं उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह ने दिया।कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी।भारतीय विद्या भवन केंद्र से संबंधित समस्त आई हुई टीम को विद्याश्रम के अतिथि गृह एवं हॉस्टल में कोच एवं अध्यापकों के साथ ठहरने की पूरी उचित व्यवस्था की गई है। निदेशक ने कहा कि उक्त कार्यक्रम हेतु आप सभी सादर आमंत्रित हैं।कृपया पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना आशीर्वाद एवं सहयोग प्रदान करें।




## न्यूज झरोखा

### व्यापारी सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी ने व्यापारियों के साथ की संवाद बैठक



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कौशाम्बी स्थित दुर्गा भाभी सभागार में 28 अक्टूबर को क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में थाना चौकी क्षेत्रों के सरार्फा व्यापारी, उद्योगपति, मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे। क्षेत्राधिकारी द्वारा व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों तथा सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई एवं उनके समाधान हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।उन्होंने व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने, रात्रि गश्त बढ़ाने, पुलिस-व्यापारी समन्वय को सुदृढ़ करने तथा हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग पर बल दिया। साथ ही व्यापारियों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि शीघ्र कार्रवाई की जा सके।बैठक में व्यापारी सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु पुलिस और व्यापारियों के बीच आपसी संवाद और विश्वास को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

### परेड की सलामी के बाद टोलीवार परेड का एएसपी ने किया निरीक्षण

**कौशांबी।** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा 28 अक्टूबर को पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर टोलीवार परेड का निरीक्षण कर परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों के टर्नआउट का अवलोकन किया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों को दौड़, पीटी अभ्यास एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड उपरांत एएसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित मेस आरटीसी बैरकों,प्रशिक्षण कक्ष, विभिन्न शाखाओं डीसीआर शस्त्रागार डायल-112 कार्यालय, परिवहन शाखा, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, पुलिस बैरकों आदि का निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### पुलिस कार्यालय में एसपी ने की जनसुनवाई

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा आज दिनांक 28.10.2025 को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई। इस दौरान आमजन की शिकायतों समस्याओं को सुना गया एवं उनकी शिकायतों समस्याओं के त्वरित,विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जनसुनवाई में आए नागरिकों को यह आश्वासन दिया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने आमजन की समस्याओं को समझा और उनके समाधान के लिए सम्बन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिए।

### ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार घायल

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अस्तुल्ला गंज गांव निवासी राकेश कुमार विश्वकर्मा उम्र लगभग 25 वर्ष सोमवार की दोपहर मूरतगंज बाजार से वापस बाइक से अपने गांव अस्तुल्ला गंज जा रहे थे जैसे ही वह बालिहावा मोड के पास पहुंचे विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें इलाज के लिए मूरतगंज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बताई जाती है।

### शराब भट्ठी से 12 लीटर अवैध शराब बरामद कर 150 किलो नष्ट कराया लहन

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों के निष्कर्षण बिक्री के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा 28.10.2025 को चेकिंग के दौरान ग्राम कन्थुवा थाना कड़ाधाम से अभियुक्त संजीव कुमार पासी पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम कन्थुवा थाना कड़ाधाम के कब्जे से दो प्लास्टिक की पिपिया में 12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी एवं मौके पर 150 किलो लहन नष्ट की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 229/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

# अझुवा में गाजे बाजे के साथ निकली कलश शोभा यात्रा

**● कलश यात्रा में महिलाएं एवं युवतियों के सिरों पर कलश की दिखाई पड़ रही थीं अद्भुत छटा**

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में आज मंगलवार से सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर मुख्य यजमान विजय बहादुर कौशल,विजय कौशल ने एक भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली है जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए ।यह कलश शोभा यात्रा वार्ड नंबर 9 इंदिरा नगर से सब्जी मंडी होते हुए हाईवे के सर्विस लाइन से वापस कथा स्थल दयानंद सरस्वती इंटर मीडिएट कॉलेज पहुंची है। कलश यात्रा में डीजे के साथ हरे रामा हरे कृष्णा, मेरे खाटू जैसे भक्ति मय गानों से वातावरण भक्ति मय हो गया है कलश यात्रा में महिलाएं एवं युवतियां के सिरों में कलश की अद्भुत छटा दिखाई पड़ रही थी कलश यात्रा का नगर वासियों ने स्वागत कर कार्यक्रम के सफल होने की कामना



की है।कथा स्थल पर प्रसिद्ध कथावाचक श्री श्याम जी महाराज निवासी चित्रकूट धाम ने भागवत माहात्म्य के माध्यम से मंगलाचरण की कथा का अनुश्रवण कराया है उनके मधुर वचनों और आध्यात्मिक प्रवचनों से पूरा पंडाल भक्ति भावना से सरोवर हो उठा है कथा वाचक ने भागवत कथा के महत्व और उसके सुनने से मिलने वाले दिव्य आनंद का वर्णन करते हुए कहा की भागवत कथा श्रवन करना मनुष्य के जीवन को पवित्र और सफल बनाता है।भागवत कथा आयोजक सुजीत कौशल ने बताया भागवत कथा उपरांत 4 नवंबर को पूणार्हुति एवं पंचम लाल मौर्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बृहद भंडारे का आयोजन होगा इस मौके पर संजीत कुमार कौशल,सुमन कौशल ,राजेश कुमार कौशल ,पिंकी कौशल ,राकेश कुमार कौशल दीपिका कौशल ,विकास कौशल ,सुमन कौशल ,मोहित कौशल अनामिका कौशल, विराट कौशल ,सक्षम कौशल ,साहिल कौशल ,शिवाय कौशल सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पराली जलाने से मना करने पर प्रधान प्रतिनिधि के घर पर दबंगों का तांडव

**गाली गलौच कर दी जान से मारने की धमकी, शिकायत**

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के पंवारा गांव में सोमवार की देर शाम खेत में पराली जलाने से मना करने पर लाठी डंडे से लैस दबंगों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के घर पर चढ़कर जमकर तांडव मचाया। गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। घटना की शिकायत पीड़ित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने थाने में किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। करारी थाना क्षेत्र के पंवारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार की शाम गांव के ही दुर्गेश सिंह पुत्र घनश्याम सिंह, महादेव सिंह पुत्र गुलाब सिंह अपने खेत में पराली जला रहे थे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि होने के नाते पीड़ित प्रधान प्रतिनिधि ने पराली जलाने से मना किया। आरोप है कि इसी बात से भन्नाए श्रमदान सिंह पुत्र राम लखन सिंह,पंकज सिंह पुत्र घनश्याम सिंह लाठी डंडे से लैस होकर उसके घर पर चढ़ आए। इस दौरान आरोपी दबंगों ने गाली गलौच कर कार्रवाई होने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना की शिकायत पीड़ित प्रधान पति ने पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लोडर की टक्कर से ऑटो की सवारी का टूटा पैर

**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के मेहता रोड में हुबलाल संस्कृत महाविद्यालय के सामने सवारी लेकर जा रही एक ऑटो को एक लोडर गाड़ी ने टक्कर मार दिया जिससे ऑटो में सवार एक युवक के पैर में गंभीर चोट लग गई है उसका पैर टूट गया है इलाज के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया गया है बताया जाता है कि ऑटो चालक ने भी वाहन में सवारी को ओवरलोड भरा हुआ था जिससे सवारी का पैर ऑटो से बाहर निकला हुआ था और अचानक फाटक खुलने के बाद तेज रफ्तार से लोडर गाड़ी निकल रही थी और इसी झटके में वह ऑटो से टकरा गई जिससे एक सवारी का पैर टूट गया है दुर्घटना के बाद एक किलोमीटर तक लोडर गाड़ी का लोगों ने पीछा करके लोडर गाड़ी को चालक सहित पकड़ लिया है और दुर्घटना करने वाले वाहन को पुलिस के हवाले कर दिया है।

## सम्पादकीय

# एक और तेजाब कांड, समाज पर सवाल

**दिल्ली** यूनिवर्सिटी के लक्ष्मीबाई कॉलेज के पास एक छात्रा पर तेजाब से हमले की घटना सामने आई है। पीड़िता नॉन कॉलेजिएट वीमेन्स एजुकेशन बोर्ड के तहत शिक्षा हासिल कर रही है, वह कॉलेज की नियमित छात्रा नहीं है। रविवार को जब वह अपनी कक्षा के लिए जा रही थी, तभी कॉलेज परिसर के बाहर बाइक सवार युवकों ने उस पर तेजाब फेंका, अपने चेहरे को बचाने के लिए छात्रा ने हाथ ढंके तो उसके हाथ बुरी तरह जल गए। पीड़िता को इलाज के लिए राममनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर और खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है, जिसमें मुख्य आरोपी जितेंद्र के बारे में खबर है कि वह करीब एक महीने से छात्रा का पीछा कर रहा था। हालांकि इसमें गंभीर घटना में एक नया मोड़ तब आया, जब आरोपी जितेंद्र की पत्नी ने पीड़िता के पिता पर बलात्कार का इल्जाम लगाकर ब्लैकमेल करने की बात कही। आरोपी की पत्नी ने पुलिस में शिकायत की है, जिसके मुताबिक, वह एसिड अटैक पीड़िता के पिता के पास काम करती थी, जहां पीड़िता के पिता ने उसके साथ जबरन संबंध बनाए और फिर ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस ने बलात्कार और ब्लैकमेल की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अब पुलिस तेजाब के हमले के साथ-साथ आरोपी की पत्नी के लगाए बलात्कार के आरोप के मामले की भी जांच करेगी। इधर पीड़िता ने भी बयान दिया है कि आरोपी जितेंद्र की पत्नी उसे ऐसे कामों को करने के लिए उकसाती है। पीड़िता का कहना है कि उसकी आरोपियों से कुछ दिन पहले बहस हुई थी, क्योंकि उसने आरोपी की पत्नी से छेड़खानी की शिकायत की थी। यह मामला एक तरफ देश में कानून व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर रहा है, वहीं समाज के बिखरते ताने-बाने को भी दिखा रहा है। बलात्कार के बदले के लिए तेजाब फेंकना आंख के बदले आंख वाली निकृष्ट सोच का परिचायक है। अगर एक महिला के साथ बलात्कार जैसा घिनौना कृत्य हुआ है, तो इसकी सजा दोषी को जरूर मिलनी चाहिए, लेकिन उसके परिवार की महिलाओं पर भयावह अत्याचार किसी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं कहा सकता। आरोपी की पत्नी ने पीड़िता पर तेजाब फेंके जाने के बाद खुद के साथ बलात्कार और ब्लैकमेलिंग की घटनाओं की बात क्यों कही, इस बारे में पहले ही अगर शिकायत दर्ज होती तो एक और निर्दोष युवती को तेजाब का शिकार होने से बचाया जा सकता था। गौरतलब है कि देश में कड़े कानून के बावजूद महिलाओं पर तेजाबी हमलों के मामले रुक नहीं रहे हैं। राज्य बदलते हैं, कारण बदलते हैं, लेकिन महिलाओं के लिए हिंसक सोच और हैवानियत भरे अपराध नहीं थमते। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 124 के तहत अगर किसी भी इंसान पर तेजाब फेंककर, पिलाकर, या किसी भी अन्य तरीके से उसके शरीर को स्थायी या आंशिक नुकसान पहुंचाया जाता है, गंभीर चोट पहुंचाने की कोशिश होती है, इसे तेजाब का हमला माना जाएगा। ऐसे मामलों में आरोपी को 10 साल तक की सजा हो सकती है, और अलग से जुमार्ना लग सकता है।

# बिहार में मुस्लिम उप मुख्यमंत्री? जनाब वहां तो मुस्लिम मुख्यमंत्री बन चुके हैं!

**शकील अख्तर**

**मगर** क्या इस पद से आज जो मुस्लिम के सामने समस्याएं बना दी गई हैं उनका कोई हल होगा? समस्याएं वास्तविक हैं और यह पद एक भावनात्मक रीलिफ। केवल एक जबर्दस्ती का गोल दे दिया कि इसे हासिल करके बताओ। उसका कोई मतलब नहीं है। मुस्लिम को राजनीतिक रूप से सचेत होने की बहुत जरूरत है। जज्बाती सवालों से दूर होने की। जो मुस्लिम के नाम, जबान, कपड़े, त्यौहार, खाने-पीने सब को संदेह के घेर में लाने की कोशिश कर रहे हों वे अचानक इस बात के लिए फिक्रमंद हो गए कि बिहार में महागठबंधन मुस्लिम के लिए उप मुख्यमंत्री पद की घोषणा नहीं कर रहा है !इसमें सबसे ज्यादा दुःख और फिक्र की बात यह है कि मुस्लिमों का एक हिस्सा इस दुष्प्रचार में फंस रहा है। वे भी ऐसी बातें करने लगे जैसी बीजेपी, प्रशांत किशोर, चिराग पासवान, नीतीश कुमार की पार्टी, गोदी मीडिया, भक्त वगैरह वगैरह कर रहे हैं। मुस्लिम यह नहीं सोच रहा कि यह हमारे अचानक हमदर्द कहां से बन गए? और अगर बन गए हैं तो पहले उन गिरिराज सिंह से क्यों नहीं पूछ रहे जो मुस्लिम को नमकहराम कह रहे हैं। पाकिस्तान तो वे हमेशा से भेजते रहते हैं! मुस्लिम को यह सोचना चाहिए कि उप मुख्यमंत्री एक इतनी सामान्य, स्वाभाविक चीज है जो तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री बनने पर उनके समुदाय को मिलना ही है।

मगर क्या इस पद से आज जो मुस्लिम के सामने समस्याएं बना दी गई हैं उनका कोई हल होगा? समस्याएं वास्तविक हैं और यह पद एक भावनात्मक रीलिफ। केवल एक जबर्दस्ती का गोल दे दिया कि इसे हासिल करके बताओ। उसका कोई मतलब नहीं है। मुस्लिम को राजनीतिक रूप से सचेत होने की बहुत जरूरत है। जज्बाती सवालों से दूर होने की। अफसोस मुस्लिम का एक हिस्सा इस उपमुख्यमंत्री पद के झमेले में फंसकर कांग्रेस और आरजेडी से ऐसे सवाल पूछ रहा है जैसे बीजेपी और उसके समर्थक। ऊपर जो नाम हमने लिखे चिराग, प्रशांत किशोर, नीतीश यह सब प्रच्छन्न रूप से बीजेपी ही हैं। ओवैसी भी इसमें शामिल हैं। उनकी पार्टी के लोग और ज्यादा तुर्शी से सवाल पूछ रहे हैं।

हमने ऊपर यह भी लिखा कि तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने के साथ एक मुस्लिम उप मुख्यमंत्री भी बनेगा। यह एक इतनी बड़ी सच्चाई है जो सबको मालूम है। सवाल उठाने वाले भाजपा और उसके सहयोगियों को भी। मगर क्या वे ऐसा चाहते हैं? कभी नहीं! फिर क्यों सवाल उठा रहे हैं? बस यही मुस्लिमों को सोचना चाहिए। वे इसलिए एक नान इशु को इशु बना रहे हैं कि इसी के जरिए वे मुस्लिम के खिलाफ और माहौल बना सकते हैं। और मुस्लिम के खिलाफ माहौल बनाने का मतलब उसके जरिए हिन्दुओं का ध्रुवीकरण।

वही पुराने झूठ का राग फिर से अलापना कि देखो कांग्रेस आरजेडी मुस्लिम तुष्टिकरण कर रहे हैं। मुस्लिम की पार्टी है यह। किसी वर्ग विशेष की पार्टी बनाकर दूसरे बड़े समुदाय को भड़काना इनका पुराना खेल है। यूपी में सपा को खुलेआम यादवों की पार्टी कहा जाने लगा है। बिहार में इतना खुलकर यादवों के खिलाफ नहीं बोला जा रहा है मगर मुस्लिम को उनके साथ टेग करके हिन्दुओं के दूसरे वर्गों को भड़काया जा रहा है। एमवाय एक ऐसा ही नाम है जो मीडिया ने लालू के खिलाफ इस्तेमाल किया। एमवाय कहकर लिखकर बाकी लोगों को आरजेडी से दूर करने का प्रयास किया। इसलिए राहुल गांधी ने कहा कि हम गरीब




सवर्णों के भी साथ खड़े हैं। आज के वक्त में सबसे बड़ी जरूरत झूठी धारणाओं से बचने और बचाने की है। अगर उप मुख्यमंत्री मुस्लिम को देंगे की घोषणा हो जाती तो अभी तक पूरा चुनाव एक नया टर्न ले चुका होता। यहां महागठबंधन ने राजनीतिक समझदारी का परिचय दिया। मगर उस हद तक मुस्लिम नहीं दे पाए। सिर्फ बीजेपी कहती तो वे समझ भी जाते कि इस पार्टी ने तो जो दो नेता मुस्लिम थे मुख्तार अब्बास नकवी और शाहनवाज हुसैन और जिनकी भाजपा भक्ति किसी भाजपा के नेता से कम नहीं थी उन्हें भी मंत्री पद तो छोड़िए सांसदी से भी हटा दिया। बिहार में एक मुस्लिम को टिकट नहीं दिया। वह मुस्लिम उप मुख्यमंत्री का मुद्दा केवल इसलिए उछाल रही है कि अगर दबाव में आकर घोषणा कर दें तो तुष्टिकरण का राग फिर से शुरू और अगर नहीं करें तो मुस्लिम को भड़काना शुरू कि तुम तो किसी गिनती में ही नहीं हो। मगर बीजेपी के सुर में सुर मिलाकर जिस तरह ओवैसी की पार्टी इस मुद्दे को तूल देने में जुटी उससे मुस्लिम कु छ हद तक बहक गया। मुस्लिम को यह समझना चाहिए कि ओवैसी अभी सबसे आगे आगे मोदी का प्रचार करने वर्ल्ड टूर पर गए थे। इस झूठ का पदार्फाश हो चुका है कि दुनिया को भारत की स्थिति बताने के लिए विभिन्न डेलिगेशन जिनमें ओवैसी के जाने का सबसे ज्यादा प्रचार किया गया, गए थे। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने आपरेशन सिंदूर का राजनीतिक लाभ लेना शुरू करके बता दिया कि विभिन्न देशों में डेलिगेशन पहुंचाने का उद्देश्य भारत की नहीं अपनी छवि बनानी थी। ओवैसी मोदी को ही राजनीतिक लाभ पहुंचा रहे थे। और अब बिहार में मुस्लिम बहुल इलाके सीमांचल से अपनी पार्टी के 25 से ज्यादा उम्मीदवार लड़वाकर वे केवल महागठबंधन को नुकसान पहुंचाने की ही कोशिश कर रहे हैं। पिछली बार 2020 में उनकी पार्टी ने पांच सीटें जीती थी। वहां 36 साल और 16 साल से जीत रहे कांग्रेस के उम्मीदवारों को हरा दिया। मगर उससे भी खास बात यह रही कि जीते हुए 5 में 4 विधायक बीजेपी समर्थित नीतीश के साथ चले गए। तो मुस्लिम को ओवैसी को भी अच्छी तरह समझने की जरूरत है। उनकी जज्बाती तकरीरें मुस्लिम को अच्छी तो बहुत लगती हैं मगर उनकी वास्तविक समस्याओं के निरावरण के लिए उनमें कुछ नहीं होता है। केवल लफ्ज ही लफ्ज! भड़काई हुई भावनाएं ही भावनाएं ! मुस्लिम को आज क्या चाहिए? सबसे पहले तो उसे 2014 से पहले के सामाजिक हालात चाहिए। और उसे ही नहीं सबको चाहिए। 2014 के बाद मुस्लिम पर तो अत्याचार बढ़े ही हैं दलित, पिछड़े आदिवासी पर भी बढ़े हैं। पहले प्रेम समावेश एक दूसरे के सम्मान का माहौल था। अब नफरत विभाजन एक दूसरे का उपहास अपमान का माहौल है। लींचिग जैसा शब्द पहले सुना भी नहीं था। मगर अब मुस्लिम दलित किसी पर भी कोई झूठा आरोप लगाकर सत्ता समर्थित भीड़ उसकी पीट-पीट कर हत्या कर सकती है। यूपी में पुलिस इंसपेक्टर सुबोध कुमार सिंह की लीचिंग हुई, हरियाणा में छात्र आर्यन मिश्रा की। बाकी दलित मुस्लिम पिछड़ों आदिवासियों की तो लंबी फेहरिस्त है। इनके अलावा दूसरों की भी जो समाज में ऊंचा स्थान रखते हैं मगर कहीं न कहीं कोई भी समाज दूसरे से कमजोर होता है तो उसका नंबर भी लग जाता है कि लिस्ट छोटी नहीं है। यह समाज की देश की मूल समस्या है। आपस में एक दूसरे से नफरत करता, लड़ता समाज खोखला हो जाता है। मगर बीजेपी को इसकी चिंता नहीं है। उसे इसी में वोट दिखाई देता है। आज बिहार का चुनाव पूरे देश के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर मोदी जीत गए तो फिर नफरत और विभाजन की राजनीति और तेज होगी। इसके बाद बंगाल है वहां भी फिर वे वही हिन्दू-मुस्लिम, घुसपैठिए का सवाल ही लेकर जाएंगे। और अगर हार गए तो सीधा मैसेज यह जाएगा कि यह चुनाव महागठबंधन ने रोजगार, सरकारी नौकरी के मुद्दे पर मोदी से छीन लिया।

# रूसी तेल कंपनियों पर ट्रम्प के नवीनतम प्रतिबंध ने भारत को बचने का रास्ता दिया

**के रवींद्रन**

**मास्को** के दृष्टिकोण से, ये प्रतिबंध 2022 के बाद से उसके सबसे सफल आर्थिक धुरी में से एक को उलटने का खतरा पैदा करते हैं। भारत और चीन मिलकर रूसी तेल निर्यात का मुख्य आधार बन गए हैं, जिससे यूरोपीय मांग में आई कमी की भरपाई प्रभावी रूप से हो गई है। विशेष रूप से, भारतीय बाजार में मात्रा और स्थिरता दोनों ही उपलब्ध थीं, जहां भुगतान अक्सर मैत्रीपूर्ण बिचौलियों के माध्यम से होता था। ऐसा लगता है कि बाजार ने दो प्रमुख रूसी तेल कंपनियों, रोसनेफ्टपीजेएससी और लुकोइल पर नए अमेरिकी प्रतिबंधों का गणित पहले ही कर लिया है, और मास्को से मुंबई तक फैली ऊर्जा आपूर्ति लाइनों पर इसके तत्काल और मध्यम अवधि के परिणामों का आकलन कर लिया है। कुछ ही घंटों में, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया, जो न केवल प्रतिबंधों के कड़े होने को दर्शाता है, बल्कि इस धारणा को भी दर्शाता है कि 2022 से रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातकों में से एक भारत को अपनी खरीद कम करनी पड़ सकती है या निलंबित भी करनी पड़ सकती है। व्यापारी और विश्लेषक, अक्सर आधिकारिक पुष्टि से पहले, इस बात को लेकर आश्वस्त दिखते हैं कि भारतीय रिफाइनरियों में रियायती रूसी बैरल भरने के दिन, कम से कम अभी के लिए, समाप्त हो रहे हैं।



जब से पश्चिमी प्रतिबंधों ने मास्को को अपने ऊर्जा निर्यात को पूर्व की ओर मोड़ने के लिए प्रेरित किया है, भारत रूस के सबसे भरोसेमंद ग्राहकों में से एक बनकर उभरा है, जिसने लाखों बैरल यूराल क्रूड को रियायती दरों पर खरीदा है। इस पुनर्संरेखण ने भारत को मुद्रास्फीति के दबावों को प्रबंधित करने और घरेलू ईंधन की कीमतों में स्थिरता बनाए रखने में मदद की है, साथ ही पश्चिमी बाजारों से अलगाव के बीच रूस को एक महत्वपूर्ण जीवनरेखा भी प्रदान की है।

लेकिन नवीनतम प्रतिबंध यूक्रेन में युद्ध के लिए धन जुटाने हेतु रूसी राजस्व को कम करने के वाशिंगटन के अभियान में एक कठिन दौर का संकेत देते हैं। रूस के ऊर्जा परिसर के दो स्तंभों को लक्षित करके, अमेरिका प्रतीकात्मक प्रतिबंधों से आगे बढ़कर मास्को के तेल व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र के केंद्र में पहुंच गया है। इसका प्रभाव भारतीय कॉर्पोरेट गलियारों में पहले से ही दिखाई दे रहा है। रिपोर्टों से पता चलता है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन सहित प्रमुख रिफाइनर वैकल्पिक स्रोतों की खोज कर रहे हैं और प्रतिबंध व्यवस्था में उलझने से बचने के लिए रूस से नए कच्चे तेल की खरीद को रोकने की तैयारी कर रहे हैं।

इस कदम से भारतीय रिफाइनर मुश्किल में पड़ गए हैं। पिछले दो वर्षों में, रूसी तेल भारत के कुल कच्चे तेल आयात का 40 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो यूक्रेन युद्ध से पहले 2 प्रतिशत से भी कम था, जो एक नाटकीय वृद्धि है। आर्थिक पहलू आकर्षक थे:भारी छूट, छाया बेड़े के माध्यम से सस्ता माल ढुलाई, और गैर-डॉलर तंत्र के माध्यम से भुगतान ने रूसी बैरल को अप्रतिरोध्य बना दिया। लेकिन अब, अनुपालन संबंधी चिंताएं गंभीर हो गई हैं। पश्चिमी बैंकों, बीमा कंपनियों और शिपिंग फर्मों के साथ जुड़े रिफाइनर ब्लैकलिस्ट होने या वैश्विक वित्तीय प्रणाली तक पहुंच खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। भले ही भारतीय रिफाइनर तकनीकी रूप से बिचौलियों के माध्यम से खरीदारी करते हों, प्रतिबंधों के बढ़ते दायरे के कारण यह गारंटी देना मुश्किल हो जाता है कि माल ब्लैकलिस्टेड संस्थाओं से मुक्त है।

इस नाजुक स्थिति को भांपते हुए, वैश्विक तेल बाजार ने लगभग तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त की। घोषणा के एक दिन के भीतर ही ब्रेंटक्रूड वायदा 3 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। व्यापारियों का तर्क है कि रूस नए खरीदारों की तलाश करेगा, शायद चीन में या अस्पष्ट माध्यमों से, क्योंकि आपूर्ति श्रृंखलाओं में अस्थायी व्यवधान एशिया में उपलब्धता को प्रभावित करेगा। भारत, जो अपनी 85 प्रतिशत से ज्यादा कच्चे तेल की जरूरत का आयात करता है, के लिए रूसी आयात में मामूली गिरावट भी घरेलू कीमतों, आयात बिलों और मुद्रास्फीति के दबाव में इजाफा कर सकती है। साथ ही, नई दिल्ली एक बार फिर खुद को कूटनीतिक संकट में पाता है। एक तरफ मास्को के साथ उसकी दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें रक्षा, ऊर्जा और परमाणु सहयोग शामिल हैं। दूसरी तरफ अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ उसकी गहरी होती आर्थिक और तकनीकी भागीदारी है। ताजा प्रतिबंध, हालांकि सीधे तौर पर भारत पर लक्षित नहीं हैं, ऐसे विविधीकरण को लगभग अपरिहार्य बना देते हैं। साउथ ब्लॉक के अधिकारियों को अब व्यावहारिकता और सिद्धांत के बीच संतुलन बनाना होगा, ताकि कूटनीतिक टकराव पैदा किए बिना ऊर्जा सुरक्षा

# अल्पसंख्यकों को प्रतिनिधित्व न मिलना चिंता का सबब

**एल.एस. हरदेनिया**

**समस्या** यह है कि न सिर्फ मुसलमानों को बल्कि एक दूसरी अल्पसंख्यक कौम ईसाईयों को भी प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। पहले मध्यप्रदेश की विधानसभा में ईसाई सदस्य रहते थे। वे मंत्री भी बने और वे भी ऐसे स्थानों से चुने जाते थे जहां ईसाईयों की संख्या लगभग नगण्य होती थी। देश की एक बड़ी कौम को प्रतिनिधित्व नहीं मिलना हमारी राष्ट्रीय असफलता है। हमें इस बारे में सोचना पड़ेगा। हमारे देश में ऐसी परिस्थितियां पैदा हो रही हैं कि अल्पसंख्यक तबकों को न तो संसद में और न ही राज्य विधानसभाओं में उनकी आबादी के अनुरूप प्रतिनिधित्व मिल रहा है। इस समय बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए जो टिकिट बांटे जा रहे हैं उनमें लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी, कांग्रेस और कुछ अन्य दलों ने बहुत कम मुसलमानों को टिकट दिए हैं।

बिहार, उत्तरप्रदेश और बंगाल ऐसे राज्य हैं जहां मुसलमानों की खासी आबादी है। इसे मद्देनजर राजनीतिक पार्टियों को वहां मुसलमानों को भी समानुपातिक सीट देनी चाहिए। एक जमाने में काफी संख्या में मुसलमान विधायक और सांसद बनते थे। मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि मध्यप्रदेश विधानसभा में 10-12 मुसलमान विधायक रहा करते थे। मंत्रीपरिषद में भी मुसलमान रहते थे, वे स्पीकर भी बनते थे। गुलशेर अहमद मध्यप्रदेश की विधानसभा के सदस्य भी रहे और उसके स्पीकर भी। उन्होंने दोनों जिम्मेदारियां बहुत खूबसूरती से निभाईं। मध्यप्रदेश की परंपरा इतनी गौरवशाली थी कि कई मुस्लिम विधायक और सांसद ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों से चुने जाते थे जहां अल्पसंख्यकों की आबादी न के बराबर थी। न सिर्फ कांग्रेस उन्हें टिकट आवंटित करती थी बल्कि वहां के वोटर इतने समझदार थे कि मुसलमानों की आबादी कम होने के बाद भी वे मुसलमान उम्मीदवार को चुनते थे। ऐसे कई उदाहरण हैं। मेरे मित्र अजीज कुरैशी सीहोर से विधायक चुने गए थे, जहां मुसलमानों की आबादी बहुत कम थी। वे सांसद भी चुने गए। वे



मध्यप्रदेश की मंत्री परिषद के कई बार सदस्य रहे। कु रैशी कई राज्यों के राज्यपाल भी रहे।

अब यह गौरवशाली परंपरा समाप्त हो रही है। इस समय मध्यप्रदेश की विधानसभा में सिर्फ दो विधायक मुसलमान हैं। दोनों भोपाल से हैं। इसके पिछली विधानसभा में सिर्फ एक ही मुसलमान थे, वह थे भोपाल के पुराने शहर से चुने गए आरिफ अकील। अभी एक केन्द्रीय मंत्री ने साफ कहा है कि हमें मुसलमानों के वोट नहीं चाहिए और मुसलमानों को उन्होंने नमक हराम बताया। इससे खराब गाली और क्या हो सकती है? यदि यही स्थिति बनी रही तो एक दिन ऐसा भी आएगा जब पूरे देश में एक भी सांसद या विधायक मुसलमान नहीं होगा। ऐसी स्थिति आने के पूर्व हमारे देश के नेतृत्व को कुछ सोचना चाहिए। अल्पसंख्यक के नाम पर हमारे देश में केवल जैन भाईयों और सिक्ख भाईयों को प्रतिनिधित्व मिलता है, वो भी इक्का-दुक्का। जैनियों की जितनी संख्या है उसकी तुलना में उन्हें काफी ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलता है। उससे हमें कोई शिकायत नहीं है। जैन एक संपन्न कौम है। जैनियों के अनुभव और उनकी बुद्धिमत्ता उल्लेखनीय है और देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। मगर समस्या यह है कि न सिर्फ मुसलमानों को बल्कि एक दूसरी अल्पसंख्यक कौम ईसाईयों को भी प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। पहले मध्यप्रदेश की विधानसभा में ईसाई सदस्य रहते थे। वे मंत्री भी बने और वे भी ऐसे स्थानों से चुने जाते थे जहां ईसाईयों की संख्या लगभग नगण्य होती थी। देश की एक बड़ी कौम को प्रतिनिधित्व नहीं मिलना हमारी राष्ट्रीय असफलता है। हमें इस बारे में सोचना पड़ेगा।

कई देशों में अल्पसंख्यकों को प्रतिनिधित्व दिया जाता है। लंदन का मेयर मुसलमान है। केनडा की संसद में कई सिक्ख भाई हैं। अमेरिका में कई भारतवासी बसते हैं, जो सीनेट एवं हाउस ऑफ रिप्रिजेन्टेटिव्स के सदस्य हैं। यहां तक कि इन देशों में भारतीय हिन्दू गवर्नर भी हैं, जज भी हैं। यहां भारत में न सिर्फ चुने हुए प्रतिनिधियों में बल्कि देश की अनेक संवैधानिक संस्थाओं में भी अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व कम होता जा रहा है। न्यायपालिका, विशेषकर उच्च न्यायालयों, में भी ऐसी ही स्थिति बनती जा रही है। जो भी हो, राजनीति में इसका उपाय क्या है? जब मतदाता उन्हें नहीं चुनेंगे तो फिर उनका प्रतिनिधित्व कैसे होगा।

मैं पाकिस्तान गया था। वहां की संसद की डेपुटी स्पीकर से मेरी मुलाकात हुई। उनसे मैंने पूछा कि आपके देश में बहुत सारे हिन्दू भाई रह रहे हैं जो आपके देश के विकास में योगदान दे रहे हैं और यदि वे चुनकर नहीं आते हैं आप क्या करती हैं? उन्होंने कहा कि यदि एक भी हिन्दू चुनकर नहीं आता तो हम उनको मनोनीत करते हैं। दुनिया में इस तरह के और भी देश होंगे जहां अल्पसंख्यक यदि चुनाव से प्रतिनिधित्व हासिल नहीं कर पाते तो उन्हें मनोनीत किये जाने का प्रावधान होगा। इतनी बड़ी आबादी-चाहे वह मुसलमानों की हो या ईसाईयों की, उनका देश की प्रगति में योगदान न हो यह कल्पना के बाहर की चीज है। ईसाईयों ने हमारे देश के विकास में बहुत मदद की है।

## अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए गंगा घाट पर उमड़ी भीड़

# सूर्य उपासना के तीसरे दिन विधि विधान से पूजे गए सूर्य देव

**आज दिनांक 28/10/2025, भदोही,** के,गोपीगंज। नगर औरजिले के हर ग्रामीण क्षेत्रों मे सूर्य उपासना के चार दिवसीय महापर्व डाला छठ के तीसरे दिन सोमवार को व्रती महिलाओ ने अस्ताचल गामी सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर विधि विधान पूर्वक पूजन किया। गंगा घाट जाने वाले हर मार्गो पर आस्था की भीड़ नजर आई। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंगा के साथ घाट पर प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुए महापर्व के तीसरे दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में महापर्व आस्था व श्रद्धा के साथ हर्षोल्लास पूर्वक धूमधाम से



मनाया गया। गांव मे तालाब, सरोवर के साथ गंगा घाट पर वेदी बनाने के साथ ही अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाए परिजनो के साथ पूजन सामग्री लेकर गंगा घाट पर पहुचने लगी थी।सूर्य देव के अस्ताचल गामी होते ही अर्घ देने के साथ आराधना का क्रम शुरू हो गया'गंगा मे उतरी महिलाओं ने विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर जल अर्पित किया। सोमवार को एक बार फिर आस्था की भीड़ उदयाचल गामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करेगी।सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंगा मे बैरिकेटिंग की गई थी जल पुलिस के साथ बड़ी संख्या महिला कांस्टेबल के साथ पुलिस के जवान तैनात रहे कोई डीजे तो कोई ढोल ताशा के साथ पहुचा गंगा घाट

गोपीगंज नगर के साथ रामपुर गंगा घाट मार्ग भक्ति मय नजर आया । बाजार मे फलफूल व अन्य प्रसाद की खरीददारी के लिए दोपहर तक जहा भीड़ बनी रही वही अपराह्न गंगा घाट पर व्रती महिला व उनके परिजन बास की दौरी और डलिया मे पूजन सामग्री सजाकर सूप आदि के साथ गंगा घाट की ओर बढ़ चले तो अदभुत नजारा दिखाई दिया।

# भदोही का युवा लोजपा नेता बिहार में कर रहा है NDA गठबंधन का प्रचार प्रसार

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही**

**लोजपा** के उत्तरप्रदेश अध्यक्ष श्री राजीव पासवान जी के नेतृत्व में लोजपा के प्रदेश महासचिव/भदोही प्रभारी कमल तिवारी, बिहार में ठऊअ गठबंधन का प्रचार प्रसार कर रहे है साथ ही भदोही के निवासी प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे जी भी बिहार प्रवास में हैं, 26 अक्टूबर को कमल तिवारी बिहार के सिवान में सिवान लोकसभा के विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री पूर्व सांसद माननीय विनोद सोनकर जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार में इलेक्ट्रॉनिक तथा सूचना प्रौद्योगिक




राज्य मंत्री माननीय अजीत सिंह पाल जी के नेतृत्व में सिवान लोकसभा के विभिन्न विधानसभा सहित दरौली विधानसभा में लोजपा प्रत्याशी विष्णु देव पासवान के लिए जन संपर्क किया,

बिहार में ठऊअ भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है ऐसा दावा कमल तिवारी ने किया।

# भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब जायसवाल-शिवहरे समाज ने दिखाई संगठन की शक्ति

- 11 वर्षों से जारी परंपरा ने गढ़ी मिसाल
- एकता, स्वाभिमान और संस्कृति का संगम

**अखंड भारत संदेश**



भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती पर मौजूद जायसवाल-शिवहरे

**चित्रकूट।** जायसवाल-शिवहरे समाज ने भगवान विष्णु के 24वें अवतार भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के जन्मोत्सव को इस वर्ष एकता, स्वाभिमान और सांस्कृतिक जागरण के विराट उत्सव में बदल दिया। नगर के प्रमुख मार्गों पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाजबंधुओं ने पुष्पवर्षा और मिष्ठान वितरण कर उत्साह का ज्वार बहा दिया। इससे पहले गंगाप्रसाद जायसवाल संयोग सदन सभागार में पूजन, हवन और प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन हुआ, जहां दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयाराम राय, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, भारतीय कलचुरी जायसवाल महासभा ने कहा कि राजधर्म यदि संतुलित है तो समाज, संस्कृति और सभ्यता जीवंत रहती है, अन्यथा विकृतियां पनपती हैं। उन्होंने समाज के नवयुवकों की 11 वर्षों से जारी इस परंपरा की सराहना की। विशिष्ट अतिथि अतिजेश जायसवाल ने कहा कि हम भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के वंशज हैं, हमें अपनी जड़ों से जुड़कर एकता की शक्ति बनना होगा। अध्यक्ष एमपी जायसवाल ने समाज को वर्गों में विभाजित न होकर संगठनात्मक विकास में ऊर्जा लगाने का आह्वान किया। युवा मंच अध्यक्ष अर्पित जायसवाल ने भगवान सहस्त्रबाहु से प्रेरणा लेकर सदगुण, स्थिरता और शांतचित्त आचरण को जीवन में उतारने की बात कही। महामंत्री डॉ प्रदीप जायसवाल और गौरे शिवहरे ने कहा कि महापुरुषों की जयंती भारतीय दर्शन की आत्मा है, जो सहयोग और समरसता का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन राजेश जायसवाल और नमन जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। मंच पर 21 समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान रघुनाथ प्रसाद जायसवाल, मनोज शिवहरे, अशोक जायसवाल, सुनील जायसवाल, शैलेंद्र शिवहरे सहित सैकड़ों समाजबंधु उपस्थित रहे।

## बाल विवाह की जंजीर तोड़ने उठ खड़ा हुआ चित्रकूट- 100 दिन की जनजागरण क्रांति

- बाल विवाह के खिलाफ रणघोष
- जिले में अभियान की दूसरी लहर

**अखंड भारत संदेश**


शंकर दयाल पयासी

**चित्रकूट।** बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ देशव्यापी जंग में अब चित्रकूट भी एक नई इबारत लिखने जा रहा है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस और जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने जिला प्रशासन के सहयोग से यह घोषणा की है कि 1 नवंबर 2025 से 26 जनवरी 2026 तक जिले में 100 दिवसीय गहन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का लक्ष्य जिले की हर पंचायत को बाल विवाह मुक्त घोषित करना है। इस महाअभियान की सूचना जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति से शंकर दयाल ने दी। विदित हो कि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने 27 नवंबर 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी, जिसके अंतर्गत अब तक देशभर में 1.9 लाख से अधिक बाल विवाह रोके जा चुके हैं। चित्रकूट में भी इस अभियान का असर उल्लेखनीय रहा है। नई पहल के तहत धार्मिक धमार्चार्य- पंडित, मौलाना और पुजारी- के साथ-साथ विवाह आयोजक, बैंड-बाजा, हलवाई, प्रिंटिंग प्रेस, व्यापारी संगठन और ग्राम प्रधानों को जोड़ा जाएगा। डीएम चित्रकूट के नेतृत्व में इस सामाजिक क्रांति को बल मिलेगा, ताकि कोई भी बच्ची अब अपनी पढ़ाई और बचपन से वंचित न रहे। इस महाअभियान का लक्ष्य स्पष्ट है- बचपन का सम्मान, बाल विवाह का अंत। चित्रकूट अब उस दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाने जा रहा है।

## सत्ताधारी दल के नेताओं को बचाने के लिए ट्रेजरी घोटाले में की जा रही है लीपापोती : पंकज

- सीएम की चुप्पी सबसे बड़ा सबूत
- एसपी-डीएम के खिलाफ दर्ज हो मुकदमा
- जांच अधिकारी ही घोटालेबाज

**अखंड भारत संदेश**


कांग्रेसी पंकज मिश्रा

**चित्रकूट।** करोड़ों रुपये के ट्रेजरी घोटाले ने एक बार फिर प्रदेश की प्रशासनिक ईमानदारी पर सवालों का पहाड़ खड़ा कर दिया है। इस पूरे मामले में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रशिक्षक और एआईसीसी सदस्य पंकज मिश्र ने सरकार, प्रशासन और जांच एजेंसियों पर तीखा हमला बोला है। कहा कि यह कितना विचित्र और शर्मनाक है कि लगभग एक दर्जन मृतकों के पेंशन खातों में करोड़ों की हेराफेरी होती रही और जांच उन्हीं लोगों के हाथ में है जो खुद जिम्मेदार हैं। पंकज मिश्र ने मांग की कि इस घोटाले में शुरूआती वर्ष से लेकर अब तक रहे सभी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सहायक कोषाधिकारी और पटल सहायकों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सीबीआई या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के नेतृत्व में उच्च स्तरीय जांच आयोग गठित किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री की खामोशी को भी रहस्यमय और संदिग्ध बताया। कहा कि हर वर्ष मृतकों के जीवित प्रमाण पत्र लगाकर सरकारी खजाना लूटने वाले आजादी से घूम रहे हैं और प्रशासन महज रशीदी टिकट काटता फिर रहा है। पंकज मिश्र ने आडिट टीमों पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे होटल, गाड़ियों और रुपयों के मोटे लिफाफों में सबकुछ निपटाते रहे। सवाल उठाया कि जो वरिष्ठ कोषाधिकारी इस सरकारी लूट के रुपये वापस कराने का वादा कर रहे हैं, क्या इसलिए उनके खिलाफ प्राथमिकी नहीं की गई? उन्होंने मांग की कि वरिष्ठ कोषाधिकारी को तत्काल बर्खास्त कर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराई जाए ताकि इस घोटाले की पूरी सच्चाई सामने आ सके। अंत में पंकज मिश्र ने कटाक्ष किया कि इस लूट में सत्ता से जुड़े लोगों की मिलीभगत साफ दिख रही है- क्योंकि जब जनप्रतिनिधि चुप हों, तो समझिए मामला सिर्फ घोटाला नहीं, पूरा तंत्र बेईमानी में डूब चुका है।

## 4 नवंबर से घर-घर गणना, 7 फरवरी को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

**चित्रकूट।** भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनावों की तैयारी का बिगुल फूंक दिया है। आयोग द्वारा 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया तय की गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में बताया गया कि घर-घर गणना कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर, और दावे-आपत्तियों की अंतिम तिथि 8 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी। इस अभियान को लेकर 29 अक्टूबर को प्रातः 11:30 बजे जिलाधिकारी शिवसरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं ताकि कोई भी नागरिक लोकतंत्र की इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए।

## एमपी-यूपी बॉर्डर पर लूट गैंग का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार- बोलेरो और हथियार बरामद

- पेट्रोल पंप लूटकांड का खुलासा

**अखंड भारत संदेश**


पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी

**चित्रकूट।** जय परानू बाबा पेट्रोल पंप लूटकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के निवासी हैं। उनके पास से एक बोलेरो कार (एमपी17जेडएन 3156), दो तमंचे, चार कारतूस, लूटी गया मोबाइल और 10,500 रुपये बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि घटना 17-18 अक्टूबर की रात को बरगढ़ थाना क्षेत्र के कलचिहा स्थित पेट्रोल पंप पर हुई थी, जहां चार लोग बोलेरो से पहुंचे और सेल्समैन व चौकीदार पर हमला कर करीब 95 हजार रुपये और मोबाइल लूटकर भाग निकले थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास विश्वकर्मा (28) और रोहित उर्फ नीरज पटेल (29) के रूप में हुई है, जिनका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। जांच के अनुसार, दोनों ने अपने अन्य तीन साथियों- सौरभ तिवारी, आलोक पांडेय और मुन्ना उर्फ संदीप पटेल- के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए दोनों आरोपी एक अन्य पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बनाते हुए एमपी-यूपी बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने बोलेरो गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाए जाने और अवैध हथियार रखने के आधार पर आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमा बढ़ाया है। वहीं, लूट में शामिल तीन अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। प्रशासन ने कहा है कि मामले की जांच निष्पक्षता से की जा रही है ताकि किसी निर्दोष को फंसाया न जाए और अपराधियों को कानून के तहत सख्त सजा दी जा सके।

## खेलो इंडिया का असर - तीन दिवसीय मंडलीय खेलकूद में चित्रकूट ने बांदा, महोबा और हमीरपुर को पछाड़ा

**अखंड भारत संदेश**


तीन दिवसीय मंडलीय खेलकूद के समापन में मौजूद पूर्व सांसद

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम मंडल के माध्यमिक विद्यालयों की 26वीं मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिताएं तीन दिवसीय महाकुंभ की भांति चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में सम्पन्न हुईं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस रैली में युवा खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, तकनीक और जूनून का लोहा मनवाया। शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी ने पुरस्कार वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया। एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट से सलामी दी और ऑल ओवर चौंपियनशिप की ढाल गर्व से चित्रकूट जनपद को सौंपी गई, जबकि बांदा दूसरे और महोबा तीसरे नंबर पर रहा। हमीरपुर जिला सबसे फिसड्डी साबित हुआ। कार्यक्रम में चित्रकूट इंटर कॉलेज के छात्रों ने अभी रावण मरा नहीं शीर्षक से लघु नाटिका प्रस्तुत कर भ्रष्टाचार, अत्याचार और नशाखोरी के खिलाफ चेतावनी दी। मुख्य अतिथि डॉ बाबूलाल तिवारी ने कहा कि खेलकूद शिक्षा के बाद युवाओं के जीवन का सबसे बड़ा माध्यम है और युवा इसे अपनाकर कैरियर संवार सकते हैं। पूर्व सांसद मिश्र ने मोदी-योगी सरकार में खेलों को बढ़ावा देने की सराहना की और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। तीन दिवसीय रैली में क्रीड़ा प्रभारी अवधेश कुमार सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता मैयादीन पटेल और हनुमान प्रसाद शुक्ल की देखरेख में आयोजन सफल रहा। कुल मिलाकर चित्रकूट ने 639 अंक लेकर बाजी मारी, बांदा 337, महोबा 103 और हमीरपुर मात्र 54 अंक के साथ पिछड़ गया। आयोजकों ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, जबकि प्रधानाचार्य और सहसंयोजकों ने विशेष योगदान देने वालों की सराहना की।

## प्रवीण मिश्रा की गिरफ्तारी गलत, नेताओं की दोहरी नीति से ब्राह्मण पर लगातार दर्ज होते मुकदमे : बिल्लू विधायक


- ब्राह्मणों पर अन्याय पर नेताओं की चुप्पी
- वोट बैंक की राजनीति का शिकार ब्राह्मण

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश मंत्री बिल्लू विधायक ने ब्राह्मण समाज और युवाओं पर लग रहे फर्जी मुकदमों को लेकर जमकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि हाल में प्रवीण मिश्रा की गिरफ्तारी और मोहिनी शुक्ला मामले में हुई कार्रवाई न सिर्फ गलत थी, बल्कि पुलिस प्रशासन और नेताओं की दोहरी नीति भी उजागर करती है। बिल्लू विधायक ने स्पष्ट कहा कि जब कोई ब्राह्मण गलती करता है, पुलिस तुरंत कार्रवाई कर देती है, लेकिन हमारे समाज के युवाओं के खिलाफ फर्जी मुकदमे लगते हैं तो कोई नेता या जनप्रतिनिधि आवाज नहीं उठाता। उन्होंने 9 युवाओं पर लगे झूठे आरोपों और मिश्रा कांड का उदाहरण देते हुए कहा कि राजनीति और वोट बैंक की तिकड़म में समाज की आवाज दबाई जा रही है। बिल्लू विधायक ने युवाओं से अपील की कि नेताओं और जनप्रतिनिधियों के पीछे न भागें, पढ़ाई-लिखाई में मेहनत करें और अपने समाज व धर्म की लड़ाई के लिए खड़े हों। चेतावनी भी दी कि जो हमारे धर्म और समाज पर उंगली उठाएगा, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। प्रदेश मंत्री ने ब्राह्मण नेताओं की आंखें बंद रखने और पुलिस प्रशासन की खामोशी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि समाज के लिए एकजुट होना अब समय की मांग है। उनका संदेश साफ है- भ्रष्ट राजनीति और फर्जी मुकदमों के सामने युवाओं को डरना नहीं है, बल्कि खड़ा होकर लड़ना है।

## 13 दिसंबर को लगेगी न्याय की खुली अदालत- एक दिन में निपटेंगे हजारों वाद

**चित्रकूट।** जिले में न्याय का महोत्सव 13 दिसंबर को मनाया जाएगा, जब राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय चित्रकूट सहित सभी राजस्व, ग्राम व वाह न्यायालयों में होगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्णिका शुक्ला ने बताया कि इस अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट, श्रम, बैंक वसूली, पारिवारिक, भूमि अधिग्रहण, राजस्व, किरायेदारी, सिविल और ई-चालान जैसे मामलों का निस्तारण सुलह और समझौते के माध्यम से किया जाएगा। विशेष रूप से ऐसे प्री-लिटिगेशन वाद, जो अब तक न्यायालय में दाखिल नहीं हुए हैं, लोक अदालत में सुलह के जरिये निपटाए जाएंगे। उद्देश्य है- झगड़ा नहीं, समाधान हो।

## आईआईटी से आईएएस तक- पुलकित गर्ग संभालेंगे चित्रकूट की प्रशासनिक कमान



चित्रकूट। प्रदेश सरकार ने मंगलवार शाम बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए डीएम शिवशरणप्पा जी.एन. को सिद्धार्थनगर का नया डीएम नियुक्त किया, वहीं वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आईएएस पुलकित गर्ग को चित्रकूट का नया डीएम बनाया गया। आईएएस गर्ग, जो 2014 में आईआईटी दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक रहे और 23 साल की उम्र में यूपी कैडर की सिविल सर्विस परीक्षा पास कर चुके हैं, तेजतर्रार और संवेदनशील अधिकारी माने जाते हैं। उन्होंने वाराणसी में कई शहरी विकास योजनाओं और अधोसंरचना सुधारों में अहम भूमिका निभाई है। बुलंदशहर में कार्यकाल के दौरान उन्होंने 150 से अधिक सरकारी विभागों का संचालन किया। अब उनकी निगरानी में चित्रकूट में विकास और कानून-व्यवस्था की दिशा में नई उम्मीदें जगी हैं।

## 200 ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों में चित्रकूट के दो प्रधान करेंगे जिले का नाम रोशन




**चित्रकूट।** नई दिल्ली में आयोजित यूथ ग्राम सभा सेमिनार में चित्रकूट जिले का प्रतिनिधित्व करने का गौरव रामनगर ब्लॉक के दो ग्राम पंचायत प्रधानों को मिला है। ग्राम प्रधान छीबों के अनिल मिश्रा और ग्राम प्रधान हन्ना के दीपक तिवारी 200 अन्य ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के बीच जिले का नाम रोशन करेंगे। दोनों प्रधानों के चयन की खबर से रामनगर ब्लॉक में उत्साह और खुशी का माहौल छा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जिले और ब्लॉक की विकास यात्रा में एक नई प्रेरणा साबित होगी और युवा नेतृत्व को नई पहचान दिलाएगी।

## अच्छे गुरु, सुयोग्य शिष्य- छिंदवाड़ा में प्रो कृष्ण बिहारी पांडेय के योगदान का भव्य सम्मान

**चित्रकूट।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के अवसर पर प्रख्यात शिक्षाविद और प्रशासक प्रो कृष्ण बिहारी पांडेय को उनके शिष्य और विद्वानों ने भव्य सम्मान प्रदान किया। प्रो पांडेय ने गुरु-शिष्य संबंध की विशेषता बताते हुए कहा कि जब शिष्य गुरु के पास आता है, तो गुरु मां की तरह उसे अपनाता है और उसकी उज्ज्वल भविष्य की चिंता करता है। उन्होंने अथर्ववेद और शास्त्रों का उदाहरण देते हुए समाज में ऐसे गुरु और योग्य शिष्यों की महत्ता पर प्रकाश डाला। समारोह में प्रो पांडेय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित गांव का आदमी ग्रंथ का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम में देश भर से आए विद्वान, पूर्व कुलपति, आयुष निदेशक, और शिक्षाविदों ने अपने अनुभव साझा किए। शिष्य प्रो आई पी त्रिपाठी, प्रो भरत मिश्रा और अन्य ने वैदिक विधि से चरण वंदन कर उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम ने गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षा के आदर्शों की मिसाल प्रस्तुत की।

## विकास व अनुशासन पर 29 अक्टूबर को मन्नू कोरी लेंगे अफसरों की क्लास

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि प्रदेश के श्रम व सेवायोजन विभाग के राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी 29 अक्टूबर को अपराह्न 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में जिले के सभी विभागों के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की स्थिति पर गहन चर्चा होगी। सीडीओ ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अद्यतन प्रगति रिपोर्ट और आवश्यक अभिलेखों के साथ समय से उपस्थित रहें, ताकि मंत्री जी के समक्ष जिले की स्थिति का सटीक प्रस्तुतीकरण किया जा सके।

## बरगढ़ में रामलीला का अद्भुत रंग- अहिल्या उद्धार व फुलवारी लीला ने मन मोह लिया

**अखंड भारत संदेश**



बरगढ़ में रामलीला पर अहिल्या उद्धार व फुलवारी लीला में मौजूद कार्यकर्ता

**बरगढ़/चित्रकूट।** सोमवार की रात्रि बरगढ़ चित्रकूट में श्री प्राण नाथ परानू बाबा रामलीला मंडली द्वारा प्रस्तुत रामलीला ने दर्शकों के मन को भावविभोर कर दिया। मिथिला नगरी की पुष्प वाटिका में अहिल्या उद्धार और जनकपुरी की फुलवारी लीला का मंचन अद्भुत रहा। जब प्रभु श्री राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण के साथ जंगल से गुजरते हैं और मार्ग में दिखाई दी शिला को स्पर्श कर अहिल्या का उद्धार होता है, तो दर्शक पूरी तरह मंत्रमुग्ध हो गए। मंच सहित पूरे पंडाल की भव्य सजावट और जनकपुर बाजार की रंगीन दुकानों ने रामलीला को जीवंत कर दिया। प्रभु श्री राम और माता सीता की भेंट, फूल लेने की लीला और गुरु विश्वामित्र की आज्ञा ने पूरी कथा को भावपूर्ण बना दिया। नगर व्यापारियों, ग्रामीणों और संघ प्रधान शैलेश शुक्ला सहित सैकड़ों दर्शकों ने आरती और आशीर्वाद लिया। इस रामलीला ने भक्ति और मयादर्ा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श जीवन संदेश को जीवंत कर दिखाया।

## मानिकपुर में बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ, निरूशुल्क छात्रावास से शिक्षा का सशक्त संकल्प

**बरगढ़/चित्रकूट।** अखिल भारतीय बनवासी कल्याण आश्रम, मानिकपुर, ने विनोवा नगर बरगढ़ में माता शबरी बाल संस्कार केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्याम नारायण शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। महेश, अवध नरेश और संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अभिभावकों से अपील की गई कि छः से चौदह वर्ष तक के सभी बालक-बालिकाओं को 100 प्रतिशत प्राथमिक शिक्षा दिलाई जाए। कल्याण केन्द्र में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए निःशुल्क छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है।

## यमुना में डूबा 25 वर्षीय युवक, मछली पकड़ते वक्त हुआ दर्दनाक हादसा

**मऊ/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र के सेसा सुबकरा गांव में सोमवार रात 25 वर्षीय शिव प्रताप की यमुना नदी में डूबकर मौत हो गई। शिव प्रताप पुत्र राधेश्याम मछली पकड़ने के लिए नाव में जाल डाल रहा था, तभी अचानक चक्कर आने पर वह नाव से नदी में गिर गया। पास मौजूद मछुआरों ने उसे गिरते देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन लगभग दो घंटे की मेहनत के बाद शव को नदी से बाहर निकाल पाए। घटना की सुचना मिलने पर मऊ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मंगलवार दोपहर जिला मुख्यालय में पोस्टमॉर्टम कराया।

# पाकिस्तान-तालिबान के बीच नहीं बन पा रही सहमति

**पाकिस्तान**

**इस्तांबुल** में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तीन दिनों से जारी शांति वार्ता सोमवार को बिना किसी ठोस समझौते के समाप्त हो गई। तुर्की की मेजबानी और कतर की मध्यस्थता में हुई इन वाताओं का उद्देश्य सीमा पर बढ़ते संघर्षों को रोकना और 19 अक्टूबर को हुए युद्धविराम को स्थायी रूप देना था। दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों ने सीमा पार से हो रहे हमलों, आतंकवादी गतिविधियों और पारस्परिक आरोपों पर चर्चा की, परंतु कोई संयुक्त बयान जारी नहीं हुआ। पाकिस्तानी अधिकारियों ने आरोप लगाया कि अफगान प्रतिनिधिमंडल बार-बार काबुल से परामर्श ले रहा था और पाकिस्तान को प्रोत्साहनहीन जवाब मिल रहा था।

इस बीच, पाकिस्तान की सेना ने दावा किया कि वार्ता के दौरान ही सीमा पर दो बड़े घुसपैठ प्रयासों को नाकाम करते हुए 25 आतंकवादियों को मार गिराया गया, जबकि पाँच पाकिस्तानी सैनिक भी मारे गए। इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी।

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मलेशिया में आयोजित आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान कहा कि वह इस संकट को बहुत जल्द सुलझा लेंगे। उन्होंने इस्लामाबाद और काबुल के बीच शांति प्रयासों का स्वागत किया और कहा कि दोनों देशों को ह्लस्थायी समाधानह्व की दिशा में बढ़ना चाहिए।

हम आपको बता दें कि तुर्की और कतर के अधिकारी, जिन्होंने इन वाताओं की मेजबानी की, अब यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि संवाद पूरी तरह विफल नहीं हो। पाकिस्तानी प्रतिनिधियों ने कहा कि उन्होंने अफगान पक्ष से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के खिलाफ ह्लठोस और सत्यापन योग्य कार्रवाईह्व की मांग की है।

देखा जाये तो इस्तांबुल में हुई यह वार्ता केवल दो देशों के बीच बातचीत नहीं थी, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता की परीक्षा थी। पाकिस्तान और अफगानिस्तान– दोनों ऐसे देश हैं जहाँ दशकों से अस्थिरता, आतंकवाद और सीमा विवादों ने राजनीतिक ढांचे को जकड़ रखा है। तालिबान की सत्ता में



वापसी (2021) के बाद पाकिस्तान को यह उम्मीद थी कि काबुल की नई सरकार उसके प्रति अधिक सहानुभूति रखेगी और सीमा-पार आतंकवाद पर लगाम लगाएगी। लेकिन इसके ठीक विपरीत हुआ। अफगान धरती से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने हमले बढ़ा दिए और पाकिस्तान की पश्चिमी सीमाएँ फिर से असुरक्षित हो गईं।

इस वार्ता के दौरान पाकिस्तान की मांगें स्पष्ट थीं– अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान-विरोधी आतंकवाद के लिए नहीं होने दे। दूसरी ओर, अफगान तालिबान का रुख यह था कि पाकिस्तान अपनी सीमाओं पर सुरक्षा और मानवीय दृष्टिकोण में सुधार करे। दरअसल यह संवाद इसलिए अटक गया क्योंकि दोनों पक्षों में ह्लविश्वास की कमीह्व की खाई गहरी है।

हम आपको यह भी बता दें कि तुर्की और कतर इस पूरी प्रक्रिया के मध्यस्थ मात्र नहीं, बल्कि इस्लामी विश्व की नई कूटनीतिक धुरी बनकर उभरे हैं। दोनों देश यह दिखाना चाहते हैं कि पश्चिमी मध्यस्थता के बिना भी मुस्लिम विश्व अपनी आंतरिक समस्याओं को सुलझा सकता है। परंतु यह प्रयास तब तक सफल नहीं होगा, जब तक पाकिस्तान और अफगानिस्तान अपने भू-राजनीतिक एजेंडे से ऊपर उठकर आपसी भरोसे का पुल नहीं बनाते।

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान से स्पष्ट है कि अमेरिका अब इस क्षेत्र में सीधे हस्तक्षेप नहीं करना चाहता, बल्कि ह्लप्रेरकह्व की भूमिका निभा रहा है। यह स्थिति भारत के लिए मिश्रित प्रभाव रखती है– एक ओर अमेरिका की दूरी भारत के रणनीतिक प्रभाव को बढ़ाने का अवसर देती है, दूसरी ओर चीन और रूस जैसे देशों के लिए क्षेत्रीय हस्तक्षेप का दरवाजा खोलती है। देखा जाये तो भारत के दृष्टिकोण से यह वार्ता केवल एक पड़ोसी संघर्ष नहीं, बल्कि एक सामरिक परिदृश्य है जिसके परिणाम गहरे हो सकते हैं।

यदि पाकिस्तान अपने पश्चिमी मोर्चे पर उलझा रहता है, तो उसकी पूर्वी सीमा यानी भारत के साथ वाली सीमा पर दबाव अपेक्षाकृत कम होगा। लेकिन इतिहास बताता है कि जब भी पाकिस्तान आंतरिक संकट में घिरता है, वह ध्यान भटकाने के लिए भारत-विरोधी गतिविधियों को तेज करता है।

भारत ने पिछले दो दशकों में अफगानिस्तान में स्कूलों, सड़कों और संसद भवन जैसी परियोजनाओं में भारी निवेश किया है। यदि काबुल में राजनीतिक अस्थिरता बनी रहती है, तो भारत की ह्यसॉफ्ट पावरह्ण को नुकसान होगा और मध्य एशिया तक पहुँच का सपना बाधित हो सकता है।

वहीं चीन पहले से ही चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (उढएउ) के माध्यम से क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ा रहा है। अब वह अफगानिस्तान में भी निवेश बढ़ा रहा है। यदि चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान का त्रिकोण सशक्त होता है, तो भारत को उत्तरी सीमाओं से लेकर हिंद महासागर तक नए सुरक्षा समीकरणों से जूझना पड़ेगा। दूसरी ओर, टीटीपी, इस्लामिक स्टेट-खुरासान (कर-ङ) जैसे गुटों की गतिविधियाँ यदि अफगानिस्तान से नियंत्रित नहीं हुईं, तो इसका असर कश्मीर और भारतीय उपमहाद्वीप की सुरक्षा नीति पर भी पड़ेगा। इसलिए भारत को अपने खुफिया सहयोग और सीमा निगरानी को और सशक्त करना होगा।

देखा जाये तो इस्तांबुल की वार्ता का निष्कर्षहीन रहना यह दशार्ता है कि दक्षिण एशिया अभी भी पुराने अविश्वासों के घेरे से मुक्त नहीं हो पाया है। पाकिस्तान-अफगान सीमा, जो कभी अमेरिकी ह्लवार ऑन टेररह्व का केंद्र रही, आज भी बारूद के ढेर पर बैठी है। भारत के लिए इस स्थिति में संतुलित लेकिन सतर्क नीति आवश्यक है– न तो भावनात्मक प्रतिक्रिया, न ही उदासीन दूरी। भारत को चाहिए कि वह अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मंचों पर ह्लस्थायी शांतिह्व के विचार को आगे बढ़ाए, साथ ही अपनी सामरिक तैयारी और खुफिया दक्षता को और मजबूत रखे। इस्तांबुल संवाद यह याद दिलाता है कि शांति केवल कूटनीति से नहीं आती; उसके लिए ईमानदारी, विश्वास और दीर्घकालिक दृष्टि की आवश्यकता होती है। जब तक काबुल और इस्लामाबाद अपनी ऐतिहासिक असुरक्षाओं से मुक्त नहीं होते, तब तक यह क्षेत्र शांति के बजाय अस्थिरता के चक्र में फँसा रहेगा और भारत को इसके हर पड़ाव के लिए तैयार रहना होगा।

## ट्रंप-ताकाइची ने US-जापान संबंधों के 'स्वर्िणम युग' की नींव रखी, चीन को दिया बड़ा संदेश

**अमेरिका**

**जापान** की नई प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने टोक्यो में डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक की शुरूआत में अमेरिका के साथ अपने देश के संबंधों में एक "स्वर्णिम युग" लाने का संकल्प लिया है। ट्रंप, जो एशिया के एक सप्ताह के दौरे के दूसरे चरण में जापान में हैं, और ताकाइची ने दुर्लभ मृदा और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के खनन और प्रसंस्करण को सुरक्षित करने के लिए एक रूपरेखा तैयार करने वाले एक समझौते पर शीघ्र ही हस्ताक्षर किए। यह चीन द्वारा इन सामग्रियों पर निर्यात नियंत्रण कड़ा करने के हालिया निर्णय के बाद आया है, जो कई उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण हैं। तीव्र व्यापार युद्ध के बीच ट्रंप इस सप्ताह दक्षिण कोरिया में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से महत्वपूर्ण वार्ता के लिए मिलने वाले हैं।

ट्रंप ने जापान की नयी प्रधानमंत्री की प्रशंसा की

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को अपनी एशिया यात्रा के सबसे व्यस्त दिनों में से एक की शुरूआत में जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची से मुलाकात की और दोनों देशों को सबसे मजबूत स्तर पर सहयोगी करार दिया। ट्रंप की तोक्यो के निकट एक अमेरिकी



नौसैनिक अड्डे पर खड़े विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन पर अमेरिकी सैनिकों से बात करने और व्यापारिक नेताओं से मुलाकात करने भी योजना है।

एशिया में अमेरिका के सबसे मजबूत सहयोगियों में शामिल जापान

ट्रंप एशिया में अमेरिका के सबसे मजबूत सहयोगियों में शामिल जापान की यात्रा कर रहे हैं, फिर भी उनकी यात्रा के दौरान कई बातों को लेकर अनिश्चितता की स्थिति है। कुछ ही दिन पहले देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं साने ताकाइची को अपने देश के आर्थिक हितों की रक्षा करते हुए ट्रंप के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने होंगे। ट्रंप एक व्यापार समझौते के तहत 550 अरब अमेरिकी डॉलर का जापानी निवेश हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं जिससे अमेरिकी शुल्क कम होंगे।

जापान वाशिंगटन को चेरी के 250 पेड़ देगा

ट्रंप के साथ मंगलवार को मुलाकात के दौरान ताकाइची ने बताया कि जापान अगले साल अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वाशिंगटन को चेरी के 250 पेड़ देगा और चार जुलाई के इस समारोह के लिए अकिता प्रांत से आतिशबाजी भी करेगा। उन्होंने अपनी शुरूआती टिप्पणियों में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और अपने गुरु शिंजो आबे का जिक्र करते हुए कहा, दरअसल (पूर्व) प्रधानमंत्री आबे मुझे आपकी बेहतरीन कूटनीति के बारे में अक्सर बताते थे।

## तुर्किये में फिर आया शक्तिशाली भूकंप, पश्चिमी इलाके में ढहीं इमारतें

### लोगों में दहशत

**तुर्किये**

**तुर्किये** में एक बार फिर से भूकंप का काल आया है। भूकंप के कारण लोग एक बार फिर से सहम गये और अपने घरों से बाहर निकल गये। पश्चिमी तुर्किये में सोमवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम तीन इमारतें ढह गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जो इमारतें ढही हैं, वे पूर्व में आए एक भूकंप के कारण पहले ही क्षतिग्रस्त हो गई थीं। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई खबर नहीं है।

6.1 तीव्रता का भूकंप

आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी



(एएफएडी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रात 10 बजकर 48 मिनट पर आए 6.1 तीव्रता के इस भूकंप का केंद्र बालिकेसिर प्रांत के सिंदिरगी शहर में जमीन से 5.99 किलोमीटर की गहराई में था।भूकंप के बाद आए कई झटके इस्तांबुल और आसपास के बर्सा, मनीसा और इजमिर प्रांतों में महसूस किए गए।

फिलहाल किसी के हताहत होने की खबरें नहीं


देश के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि सिंदिरगी में कम से कम तीन खाली इमारतें और दो मंजिला एक दुकान ढह गई। ये इमारतें पहले आए भूकंप में क्षतिग्रस्त हो चुकी थीं। सिंदिरगी के जिला प्रशासक डोगुकन कोयुनकू ने सरकारी अनादोलु एजेंसी से कहा, ह्यह्यकिसी की मौत होने की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है लेकिन हम अपना आकलन जारी रखे हुए हैं ह्लह्ल अगस्त में सिंदिरगी में भी 6.1 तीव्रता का भूकंप आया था जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए थे। तब से बालिकेसिर के आसपास के क्षेत्र में कम तीव्रता वाले भूकंप आते रहे हैं।

## पाकिस्तान को गिफ्ट किया हिंदुस्तान के हिस्से वाला मैप, मचा बवाल!

**पाकिस्तान**

**बांग्लादेश** के अंतरिम प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने एक बार फिर भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के मुद्दे पर दखल देकर कूटनीतिक बेचैनी पैदा कर दी है। इस बार, यूनुस को एक पाकिस्तानी जनरल को एक विवादास्पद नक्शा दिखाते हुए देखा गया, जिसमें असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। यह तब हुआ जब पाकिस्तान के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने सप्ताहांत में ढाका का दौरा किया और यूनुस से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई जब दोनों देशों के बीच संबंधों में गर्मजोशी आ रही है, जिनके संबंध 1971 के मुक्ति संग्राम के बाद से ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं। यूनुस ने पाकिस्तानी जनरल के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें ट्वीट कीं। हालाँकि, यूनुस द्वारा मिर्जा को 'आर्ट ऑफ ट्रायम्फ' नामक एक किताब भेंट करने की तस्वीर, जिसके कवर पर बांग्लादेश का विकृत नक्शा छपा था। लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। मानचित्र में भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश के हिस्से के रूप में दिखाया गया है जो कट्टरपंथी इस्लामी समूहों द्वारा ग्रेटर बांग्लादेश के आह्वान के अनुरूप है। इस पोस्ट के बाद, विश्लेषकों और पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर बांग्लादेश के अंतरिम प्रमुख पर भारत के संप्रभु क्षेत्र में बिना बुलाए दखल देने का आरोप लगाया।

## शेख हसीना ने किया था बैन, अब भारत के भगोड़े जाकिर नाईक के लिए बांग्लादेश ने बिछाया रेड कॉर्पेट



**बांग्लादेश**

**पूर्व** प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा प्रतिबंधित किये जाने के नौ वर्ष बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अगले महीने विवादास्पद इस्लामी उपदेशक और वांछित भारतीय भगोड़े जाकिर नाइक का भव्य स्वागत करने के लिए तैयार है। अपने कट्टरपंथी भाषणों और विवादास्पद टिप्पणियों के लिए जाने जाने वाले नाइक 28 नवंबर से 20 दिसंबर, 2025 तक पहली बार बांग्लादेश की यात्रा करेंगे, जहाँ वे देश भर में कई प्रवचन देंगे। उनकी एक महीने की यात्रा को अंतरिम यूनुस सरकार ने मंजूरी दे दी है।

नाइक पर प्रतिबंध क्यों लगाया गया?

पिछली शेख हसीना सरकार ने जुलाई 2016 में ढाका होली आर्टिसन बेकरी आतंकी हमले के बाद जाकिर नाइक पर प्रतिबंध लगा दिया था। नाइक पर अपने पीस टीवी चैनल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जिनके कुल मिलाकर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, के जरिए सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का आरोप था। ढाका में हुए इस विस्फोट में 20 से ज्यादा लोग मारे गए थे और हमलावरों में से एक ने कथित तौर पर नाइक के भाषणों से प्रेरित होने का दावा किया था। इस्लामिक स्टेट में शामिल हुए कुछ युवाओं ने कथित तौर पर कहा था कि विवादास्पद उपदेशक से मिलने के बाद वे मध्य पूर्व के सबसे खतरनाक आतंकी समूह की ओर आकर्षित हुए थे।

## पाकिस्तान के साथ हो गया बड़ा खेल, 25000 सैनिक उठा ले गया सऊदी अरब

**पाकिस्तान**

**पाक** अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर और पड़ोसी देश अजरबैजान के साथ ट्रिपल मिलिट्री अलायंस करने जा रहा है। इसे गल्फ कैस्पियन डिफेंस एंड सिक्योरिटी अलायंस का नाम दिया गया है। सूत्रों के अनुसार अगले महीने दोहा में इस अलायंस की औपचारिक घोषणा होगी। पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर इन तीनों देशों के साथ संपर्क में हैं। ये अलायंस पाक-सऊदी अरब सैन्य करार के मॉडल पर आधारित होगा। यानी इसमें शामिल देश सैन्य गठजोड़ करेंगे और किसी भी देश पर हमले को साझा हमला मानकर जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान ने यूएई, कतर और अजरबैजान



की सेना को ट्रेनिंग देने का भी ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि खाड़ी का एक अन्य देश बहरीन भी अलायंस में शामिल होना चाहता है। सितंबर में हुए सैन्य करार के बाद पाक सेना अपने ढाई हजार जवानों को सऊदी अरब भेज चुकी है।

लेकिन अब खबर है कि सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ बहुत बड़ा खेल कर दिया है। सऊदी अरब पाकिस्तान के 25,000 सैनिक उठा ले गया है। इन हजारों सैनिकों का काम सऊदी अरब के दुश्मनों खासतौर पर इजरायल से लड़ना है। पाकिस्तान के 25,000 सैनिकों को लेकर जो खुलासा हुआ है, उसने सबको हैरान कर दिया है। दरअसल पाकिस्तान पिछले कई दिनों से हवा बना रहा था कि सऊदी अरब के साथ उसकी जो डिफेंस डील हुई है, उसके मुताबिक एक देश पर हमला दूसरे देश पर भी हमला माना जाएगा। लेकिन इस डील के बारे में जो पाकिस्तान ने किसी को नहीं बताया वो अब सामने आया है। सच यह है कि इस डील ने पाकिस्तान को सऊदी अरब का इक्वल डिफेंस पार्टनर नहीं बनाया है बल्कि सऊदी अरब का गुलाम बना दिया है। पाकिस्तान को लगा था कि इस डील के चलते सऊदी अरब उसे भारत और अफगानिस्तान के हमलों से बचाएगा। लेकिन सूत्रों के मुताबिक सऊदी अरब ने साफ कर दिया है कि आगे चलकर अगर भारत और अफगानिस्तान पाकिस्तान पर हमला करते हैं तो ऐसी स्थिति में सऊदी अरब डिप्लोमेटिकली पाकिस्तान की भारत और अफगानिस्तान से दोस्ती कराने की कोशिश करेगा।

सऊदी अरब भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ कोई मिलिट्री एक्शन नहीं लेगा। इसका सबसे बड़ा सबूत हाल ही में सऊदी अरब ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हुई जंग में दे दिया था। सऊदी अरब ने डिप्लोमेटिकली अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच दोस्ती करवाने की कोशिश की। लेकिन पाकिस्तान को साफ-साफ कह दिया कि तालिबान के हमलों से खुद ही निपटो। हमें बीच में घसीटने की कोई जरूरत नहीं है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## ट्रंप की महा-बेइज्जती, नहीं टिक पाया ट्रंप का युद्ध विराम, इजरायल ने गाजा में ताबड़तोड़ हमले से इसे धुंआ-धुआं किया

**गाजा**

**भले** ही गाजा में शांति के दावे और सीजफायर कराने का क्रेडिट दुनिया में घूम घूम कर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ले रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ट्रंप की शान में संसद में कसीदे पढ़ रहे हो। लेकिन गाजा से आ रही ताजा तस्वीरें तो अलग ही कहानी बयां कर रही हैं। गाजा में अभी भी हमास आतंकियों और इजराइल डिफेंस फोर्सेस के बीच संघर्ष जारी है। जिसकी ताजा तस्वीरें सामने आई हैं। हमास के गढ़ तलल हवा शहर में हमास आतंकियों ने इजरायली सेना पर बड़ा हमला बोला। इजरायली सैनिकों पर हमास ने अचानक हमला बोल दिया। जिसमें एक इजरायली फौजी की मौत हो गई। वहीं दर्जनों घायल हुए। उधर हमास के हमलों के जवाब में इजराइल गाजा में लगातार बम बरसा रहा है। हमास के ठिकानों पर इजरायली सेना चुन-चुन कर बमबारी कर रही है। गाजा में हो रही इसी बमबारी की वजह से मिस्र में जो शांति समझौता हुआ वो अमल में नहीं आ पा रहा है।

गाजा के पुनर्निर्माण के लिए अरब देशों में भी तकरार शुरू हो गई है। खाड़ी क्षेत्र के तीन प्रमुख देश कतर, सऊदी अरब और यूएई गाजा के भविष्य को लेकर आमने-सामने खड़े हो गए हैं। एक तरफ



जहां यूएई और सऊदी अरब ने यह शर्त रख दी है कि वो गाजा में तभी पुनर्निर्माण का कार्य शुरू करेगा जब हमास अपने सारे हथियारों को सरेंडर कर देगा।

दूसरी तरफ कतर इस पूरे समीकरण में खुद को मध्यस्थ और गाजा के लोगों को पालने वाले देश के तौर पर प्रोजेक्ट कर रहा है। उसका कहना है कि गाजा में तत्काल राहत और पुनर्निर्माण कार्य शुरू होने चाहिए।

कतर, अमेरिका ने गाजा और कब्जे वाले पश्चिमी तट की स्थिति पर चर्चा की कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के एयर फोर्स वन जेट में ईंधन भरने के लिए अल उदीद एयरबेस पर ट्रंप से मुलाकात की। कतर की समाचार एजेंसी दठअ द्वारा प्रकाशित एक बयान के अनुसार, ट्रंप ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका के लिए अमीर और कतर को धन्यवाद और प्रशंसा व्यक्त की। बयान में कहा गया है कि उन्होंने प्रमुख क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों और घटनाक्रमों के साथ-साथ गाजा पट्टी और कब्जे वाले फिलिस्तीन की वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा की, विशेष रूप से क्षेत्र में शांति बनाए रखने, गाजा में युद्ध समाप्त करने के समझौते को मजबूत करने और पक्षों द्वारा इसके सभी प्रावधानों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने से संबंधित मुद्दों पर।"